

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 21 जनवरी 2025 ■ माघ कृष्ण पक्ष-08 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-292 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# 1 करोड़ के खूंखार नक्सली चलपति सहित 16 ढेर



गरियाबंद 21 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

गरियाबंद में हुए पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों को बड़ी कामयाबी मिली है। रविवार से जारी इस मुठभेड़ में जवानों ने खूंखार नक्सली चलपति सहित 16 नक्सलियों को मार गिराया है। एक करोड़ के इनामी नक्सली केन्द्रीय कमेटी मेंबर जयराम उर्फ चलपति की सुरक्षा बलों को अरसे से तलाश थी। मुठभेड़ में सहित 16 से अधिक महिला और पुरुष नक्सलियों को ढेर कर दिया है। जवानों ने मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के शव को भी बरामद कर लिया है, जिनकी शिनाख्त की जा रही है। वहीं जवानों ने मौके से एसएलआर रायफल जैसे ऑटोमेटिक हथियार सहित भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किया है।बताया जा रहा है कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान नक्सल विरोधी सर्च अभियान में गरियाबंद ऑपरेशन ग्रुप श्व 30, कोबरा 207, सीआरपीएफ 65 एवं 211 बटालियन, एसओजी नुआपाड़ा की संयुक्त पार्टी कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में रवाना हुईं थी। इस दौरान भालूडिगी गांव के पहाड़ियों और जंगलों में जवानों और नक्सलियों के बीते रविवार शाम से रुक, रुककर अभी भी मुठभेड़ जारी है, इस मुठभेड़ में जवानों बड़ी सफलता हासिल करते हुए 16 नक्सलियों को मार गिराया है, जिसमें एक करोड़ के ईनामी नक्सली केन्द्रीय कमेटी के मेंबर जयराम उर्फ चलपती के भी मारे जाने की ख़बर है। आपको बता दें कि 19 जनवरी यानी बीते रविवार की शाम से जारी हुए इस मुठभेड़ बीते कल सोमवार को दो नक्सलियों की मारे जाने की खबर आई थी, वहीं एक जवान के भी घायल होने की भी जानकारी मिली थी जिन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर भेजा गया था,जहां जवान की स्थिति सामान्य खतरे से बाहर है,वहीं आज खबर आई कि जवानों ने 16 नक्सलियों को ढेर कर उनके शव और मौके भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किया है, जानकारी के मुताबिक इलाके में सर्चिंग बढ़ा दी गई है और अभी भी रुक, रूककर मुठभेड़ जारी है।

**भारी मात्रा में हथियार बरामद**-एसएलआर राइफल जैसे स्वचालित हथियार सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। नक्सल विरोधी सर्च अभियान में गरियाबंद ऑपरेशन ग्रुप E30, कोबरा 207, CRPF 65, 211 बटालियन, SOG नुआपाड़ा की संयुक्त पार्टी झुकी क्षेत्र में हुई थी।



### 6 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा,21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में माओवादियों पर सुरक्षाबल कहर बनकर टूट रहे हैं. जवानों का भारी पड़ता देख नक्सली बैक फुट पर आ गए है. वहीं नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं. ऐसे में आज सुकमा जिले में एक इनामी नक्सली समेत छह नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. इन नक्सलियों में से एक पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 लाख रुपये का इनाम घोषित था जो माड़ डिविजन में सक्रिय रहा है. इन नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने में आरएफटी कोंटा, 217 वाहिनी सीआरपीएफ और जिला सुकमा के नक्सल सेल के कर्मियों की विशेष भूमिका रही.

### नक्सलवाद ले रहा अंतिम सांसः शाह

**रायपुर,21 जनवरी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि नक्सलवाद को एक और करारा झटका. नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में हमारे सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. नक्सल मुक्त भारत के हमारे संकल्प और हमारे सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से आज नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है.

### छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा: विष्णुदेव साय

**रायपुर,21 जनवरी।** गरियाबंद जिले में जारी नक्सली मुठभेड़ में जवानों को मिली सफलता को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सराहा है. सीएम साय ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं.

### राज्य के विकास के लिए नक्सलवाद का खात्मा जरूरी: अरुण साव

गरियाबंद नक्सली मुठभेड़ को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि हम 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सल मुक्त बना देंगे. हमारे सुरक्षा बल भी इस दिशा में बहादुरी से काम कर रहे हैं. लगातार सफल हो रहे हैं. गरियाबंद में उनकी उपलब्धि के लिए मैं सुरक्षा बलों को बधाई देता हूं. राज्य के विकास के लिए नक्सलवाद का खात्मा जरूरी है.

## संक्षेप

### मॉर्निंग वॉक पर निकले शख्स पर भालुओं का हमला

**भानुप्रतापपुर,21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में भालुओं का आतंक जारी है. चारामा वन



परिक्षेत्र के कुर्रुभाट गांव में आज सुबह फिर से मॉर्निंग वॉक पर निकले शख्स पर 3 भालुओं ने हमला कर दिया. इस घटना में शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया. तीनों भालुओं ने मिलकर उसकी खोपड़ी तक खोल दी. ग्रामीणों ने तत्काल घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया और इसकी सूचना वन विभाग को दी. फिलहाल घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है. बता दें, कांकेर वन मंडल से लगातार भालू के हमलों की खबर सामने आते रहती है. दो दिन पहले भी डोगरकट्टा गांव में भालू के हमले से दो लोगों की मौत और दो लोग घायल हो चुके हैं.

### सैफ को अस्पताल पहुंचाने वाले ऑटो ड्राइवर को इनाम

**मुंबई,21 जनवरी।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को जख्मी हालत में लीलावती हॉस्पिटल पहुंचाकर सुर्खियों में आने वाले ऑटो ड्राइवर भजन सिंह राणा को उनके जज्बे के लिए अब इनाम मिला है। एक संस्था ने न सिर्फ ड्राइवर के काम की सराहना की बल्कि उसे 11 हजार रुपए का इनाम भी दिया है। साथ ही उन्हें शॉल दिया है। बॉलीवुड एक्टर को जख्मी हालत में अस्पताल पहुंचाने वाले ड्राइवर भजन सिंह राणा के जज्बे की चारों तरफ काफी तारीफ हो रही है। भजन सिंह राणा उत्तराखंड के रहने वाले हैं। वो सालों से मुंबई में ऑटो चलाते हैं।

### महाकुंभ पहुंचे गौतम अडानी

**प्रयागराज,21 जनवरी।** देश के मशहूर उद्योगपति गौतम अडाणी महाकुंभ पहुंच गए हैं। उनके आगमन से पहले सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। बड़े हनुमानजी मंदिर के आस-पास अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है। महाकुंभ पहुंचे गौतम अडाणी ने कहा कि मैं यहां आकर बहुत उत्साहित हूं। इस्कॉन शिविर में उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। गौतम अडानी के साथ उनकी पत्नी प्रीति अदाणी भी मौजूद है। इस्कॉन शिविर में लोगों से मुलाकात करने के बाद उद्योगपति ने भंडारे में महाप्रसाद बनाने में मदद किया।

### महाकुंभ में 1 फरवरी को उपराष्ट्रपति और 5 को मोदी के आगमन की तैयारी

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के नौवें दिन आज सुबह 8 बजे तक 16 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र संगम में स्नान कर चुके हैं। अब तक कुल 9 करोड़ से ज्यादा लोग महाकुंभ में पुण्य स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ तैयारियां भी जोरों पर हैं। 1 फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, 5 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 10 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाकुंभ में शामिल होंगे।

### शपथ लेते ही डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को दिया झटका

**वाशिंगटन,21 जनवरी।** डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार (20 जनवरी) को अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले ली है। शपथ लेने के साथ ही वो यूनाइटेड स्टेट के 47वें राष्ट्रपति बन गए। डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेने के बाद ओवल ऑफिस पहुंचे, जहां दुनिया को उनका एक्शन टाइम देखने को मिला। ट्रंप ने पद संभालते ही कई कार्यकारी आदेशों पर साइन किए। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने एक बयान में आतंकवादी संगठनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का संकेत देते हुए पाकिस्तान को भी कड़ा संदेश दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि अमेरिका पाकिस्तान को गैर-नाटो सहयोगी देश का दर्जा खत्म कर सकता है। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही आतंकियों और ड्रग तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

## बलौदाबाजार हिंसा: निलंबित कलेक्टर और एसएसपी बहाल

### विभागीय जांच रिपोर्ट में मिली क्लीन चिट

रायपुर,21 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

बलौदाबाजार हिंसा मामले में निलंबित तत्कालीन कलेक्टर और एसपी को बहाल कर दिया गया है. दरअसल, बलौदाबाजार हिंसा मामले पर सरकार ने एक्शन लेते हुए दोनों अधिकारियों को मंत्रालय और पुलिस मुख्यालय में अटैच कर दिया गया था. वहीं जांच कमेटी का भी गठन किया गया था. अब जांच रिपोर्ट में दोनों अधिकारीयों को क्लीन चिट मिल गई है. सरकार ने कमेटी की रिपोर्ट के बाद दोनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी है. केएल चौहान को अब बिलासपुर में अपर संभागीय आयुक्त के साथ सचिव राजस्व मंडल के अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है. साथ ही पुलिस अधीक्षक सदानंद सिंह को पुलिस मुख्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है. बता दें कि पिछले साल 15 से 16 मई की रात कुछ अज्ञात लोगों ने बलौदाबाजार के गिरौदपुरी धाम स्थित



जैतखंभ में तोड़फोड़ की थी. सतनामी समुदाय मामले की केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने की मांग कर रहा था. इसी सिलसिले में सतनामी समाज ने दशहरा मैदान में विरोध-प्रदर्शन और जिलाधिकारी कार्यालय के घेराव का आह्वान किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे. विरोध हिंसक होने के बाद लोगों ने एसपी और जिलाधिकारी कार्यालय को आग के हवाले कर दिया. इस घटना के बाद सरकार ने एक्शन लेते हुए दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया था.

## आटा, बेसन, सीमेंट और सरिया तक को दिया हलाल सर्टिफिकेट, सुप्रीम कोर्ट में छिड़ी नई बहस

**नई दिल्ली,21 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीमेंट और छड़ जैसे गैर मांस उत्पादों के हलाल प्रमाणीकरण का मुद्दा उठाया. उन्होंने सवाल किया कि हलाल प्रमाणित उत्पादों के लिए अधिक खर्च क्यों करना चाहिए जिनका इससे कोई लेना देना नहीं है? उन्हें शीर्ष अदालत में ये दलीलें दीं, (निर्यात के लिए उत्पादित वस्तुओं को छोड़कर)जो उत्तर प्रदेश में हलाल प्रमाणित खाद्य उत्पादों के भंडारण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगाने वाली अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है. मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष कहा. ÷जहां तक हलाल मांस का सवाल है, किसी को कोई आपत्ति नहीं हो सकती. लेकिन न्यायाधीशों को यह जानकर आश्चर्य होगा, जैसा कि मुझे हुआ था कि सीमेंट और छड़ जैसे उत्पादों को भी हलाल प्रमाणित किया जाता है.÷ तुषार मेहता ने कहा कि बेसन और आटा को भी हलाल प्रमाणित किया जाता है. बेसन हलाल या गैर-हलाल कैसे हो सकता है? उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में एकत्र की गई कुल राशि लाखों करोड़ हो सकती है.' याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि केंद्रीय नीति कहती है कि यह जीवनशैली का मामला है, और याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि यह सब स्वैच्छिक है, कोई दबाव नहीं है. सॉलिसिटर जनरल ने कुछ लोगों का जिक्र किया जो हलाल प्रमाणित उत्पादों का उपभोग नहीं करते या यकीन नहीं रखते हैं. मेहता ने सवाल किया कि उन्हें अधिक कीमत क्यों देनी चाहिए? क्योंकि कुछ लोग हलाल-प्रमाणित उत्पाद चाहते हैं. याचिकाकर्ताओं के वकील ने पीठ को बताया कि केंद्र ने इस मामले में हलफनामा दाखिल किया है. शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं को चार सप्ताह का समय दिया और कहा कि मामले की सुनवाई 24 मार्च से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी. खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार, याचिकाकर्ताओं को जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया. केंद्र ने शीर्ष अदालत में जवाबी हलफनामे में कहा कि याचिकाकर्ता की शिकायत उत्तर प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा 18 नवंबर, 2023 को जारी की गई अधिसूचना से संबंधित है, जो पूरी तरह से राज्य के अधिकार क्षेत्र और प्राधिकार में आता है. हलफनामे में कहा गया कि केंद्र के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय मुख्य रूप से भारत में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू व्यापार, औद्योगिक विकास और निर्यात संवर्धन के विनियमन और संवर्धन से संबंधित है, जिसमें हलाल प्रमाणन से संबंधित एक मामले में लखनऊ में एक याचिकाकर्ता के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की गई है. शीर्ष अदालत ने 2024 में निर्यात के लिए उत्पादित वस्तुओं को छोड़कर. उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य से उत्तर प्रदेश में हलाल प्रमाणन वाले खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, भंडारण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगाने वाली अधिसूचना को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था.

## बदल जाएगा 63 साल पुराना इनकम टैक्स एक्ट

**नई दिल्ली,21 जनवरी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी बजट सत्र के दौरान नए प्रत्यक्ष कर कानून के लिए एक विधेयक पेश सकती हैं। इस प्रस्तावित कानून का ध्यान मौजूदा प्रावधानों को सरल बनाने, अनावश्यक प्रावधानों को खत्म करने और भाषा को आम जनता के लिए अधिक सुलभ बनाने पर होगा। इस संशोधन का उद्देश्य कानून को सरल बनाना, यह सुनिश्चित करना कि यह स्पष्ट और समझने में आसान हो, और इसकी मात्रा में लगभग 60% की भारी कटौती करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई 2024 में अपने बजट भाषण के दौरान किसी भी मौजूदा जटिलताओं और संघर्षों को हल करने के लिए छह महीने के भीतर व्यापक पुनर्मूल्यांकन का वादा किया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कानून में संशोधन के प्रभारी एक समिति इस बात पर विचार कर रही है कि क्या 63 साल पुराने आयकर अधिनियम के प्रतिस्थापन को दो या तीन भागों में विभाजित किया जाना चाहिए। जबकि सरकार ने शुरू में सार्वजनिक प्रतिक्रिया के लिए मसौदा कानून जारी करने की योजना बनाई थी, अब उसने जटिल कर कानूनों की आलोचना के बीच अधिक मुखर दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया है। विधेयक को पहले पेश किया जाएगा, जिसमें अंतिम रूप दिए जाने से पहले करदाताओं और विशेषज्ञों के इनपुट के आधार पर समायोजन की अनुमति दी जाएगी। प्रस्तावित कानून वर्तमान अधिनियम में मात्र संशोधन के विपरीत, एक पूरी तरह से नया ढांचा होगा। एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि नया आयकर कानून संसद के बजट सत्र में पेश किया

## मंत्री चौधरी ने अतिक्रमण पर भूपेश बघेल को घेरा

**रायपुर,21 जनवरी।** अंबिकापुर के महामाया पहाड़ से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई सोमवार से शुरू हुई है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोशल मीडिया में पोस्ट कर अतिक्रमण को कांग्रेस की तुष्टिकरण की गंदी राजनीति करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जवाब मांगा है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने फेसबुक पर पोस्ट किए अपने रिल में कहा, ÷छत्तीसगढ़ के माथे अर्थात सरगुजा के संभाग मुख्यालय अंबिकापुर के महामाया पहाड़ के सीने में बेखोफ अतिक्रमण होता रहा महामाया पहाड़ सिसकता रहा. दुर्भाग्य कि सब कुछ बदस्तूर जारी रहा है. कल सुबह महामाया पहाड़ की इस सिसकती आवाज को सुनकर प्रशासन ने बुलडोजर चलाया. वहाँ लोग बांग्ला भाषा बोल रहे थे, क्या भूपेश बघेल जी जवाब देंगे अपने 5 वर्षों की कारस्तानियों पर? जवाब देंगे अपने तुष्टिकरण की गंदी राजनीति पर ? जवाब देंगे महामाया पहाड़ की सिसकती आवाज के सामने अपने बहरेपन पर? बता दें कि अंबिकापुर के महामाया पहाड़ से अवैध कब्जे को हटाने के लिए जिला प्रशासन ने सोमवार से अपनी कार्रवाई शुरू की थी. पहले दिन की कार्रवाई में 60 घरों को तोड़ा जाना है. इसके साथ प्रशासन ने नवागढ़ इलाके के 60 घरों में कब्जा हटाने का नोटिस चस्पा किया था. जानकारी के अनुसार, अतिक्रमण हटाने



के लिए राजस्व और वन विभाग के अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में फोर्स के पहुंचने की सूचना पर कांग्रेस नेताओं ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया था. व्यवस्थापन करने की भी मांग रखी. कांग्रेस नेताओं को समझाइश देने के बाद पुलिस ने हल्के बल का प्रयोग भी किया. दरअसल, सिद्ध शक्तिपीठ महामाया मंदिर से लगे महामाया पहाड़ को काटकर करीब 450 लोगों ने कब्जा कर कब्जाधारियों के मकान-बाड़ी बना लिया था. इस पर विधानसभा चुनाव से पहले सियासी बवाल भी मचा था. स्थानीय प्रशासन की जांच में स्थानीय पार्षद, सरपंच द्वारा अतिक्रमण को प्रोत्साहित करने की पुष्टि भी हुई थी.

## आचार संहिता लगते ही दुर्ग में पकड़ाया 1 करोड़ कैश

### नोटों की गड्डी देख पुलिस की फटी रह गई आंखे

**दुर्ग,21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव का ऐलान हो गया है। इसके साथ ही प्रदेश में अचार संहिता लागू हो गई है। इसके तहत प्रदेश के सीमाओं पर चेक पोस्ट लगाया दिया गया है व चेकिंग किया जा रहा है। इस बीच पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जहां दुर्ग जिले में ट्रैक्टर शोरूम संचालक की एक कार से 1 करोड़ रुपए कैश बरामद हुआ है। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर इनकम टैक्स टीम के हवाले कर दिया गया है। यह पूरी घटना अंजोरा चौकी क्षेत्र की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सोमवार की शाम आचार संहिता लगने के बाद पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। राजनांदगांव से दुर्ग जिले में आने वाली सभी गाड़ियों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान रात 8 बजे एक कार को रोककर जांच करने पर पुलिस हैरान रह गई। कार में पांच-पांच सौ रुपए के नोटो के बंडल मिले। फिलहाल



पुलिस ने कार से एक करोड़ रुपए जब्त कर लिए हैं। बताया जा रहा है कि कार चालक नागपुर से दुर्ग की ओर कार में पैसे लेकर जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने यह कारवाई की है। कार राजनांदगांव निवासी चंद्रेश राठौर की है। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि उसका स्वराज ट्रैक्टर का उसका शोरूम है। शोरूम से कैश लेकर निकला है। चुंकि आचार संहिता के कारण इतनी मात्रा में कैश रखना मना है इसलिए पुलिस ने पूरा कैश जब्त कर लिया। इसके बाद आयकर विभाग को सूचना दी गई। आयकर विभाग अब इस मामले की जांच करेगा।

### 38वें राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा

jasclaudius@gmail.com

## पिछले 24 वर्षों में नहीं बन सका खेल का माहौल

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

1 नवम्बर 2000 को मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ। इस तरह एक नये प्रदेश के अस्तित्व में आने के साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारियों की जिम्मेदारी बढ़ गई। राज्य में ओलंपिक संघ के तथा विभिन्न खेलों के राज्य खेल संघों का गठन हुआ। छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में मान्यता प्राप्त खेल संघों की राष्ट्रीय स्पर्धाओं का आयोजन शुरू हुआ। हमारे प्रदेश में ओलंपिक खेलों तथा गैर ओलंपिक खेलों और पारंपरिक खेलों के लिए अधोसंरचना का निर्माण प्रारंभ हुआ। 24 वर्षों पश्चात आज की परिस्थितियों में इस राज्य में हाकी, टेनिस, बैडमिंटन, तैराकी, व्हालीबाल, हैण्डबाल, बास्केटबाल, एथलेटिक्स, स्क्वेश, क्रिकेट, टेबल टेनिस आदि खेलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अधोसरंचना का निर्माण हो चुका है। 24 वर्षों पूर्व छत्तीसगढ़ में गिने चुने खेलों के (एनआईएस) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स से उत्तीर्ण प्रशिक्षक थे परंतु अब 20 से 25 खेलों के एनआईएस कोच उपलब्ध हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि प्रदेश में केंद्रीय खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी उद्योगपतियों, राजनीतिज्ञों, खेल संघ के पदाधिकारियों, खेल प्रशासकों, पूर्व खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों द्वारा छत्तीसगढ़ में खेलकूद को लोकप्रिय बनाने तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के चयन से लेकर प्रोत्साहन तक में सहयोग किया गया है परंतु जब हम हकीकत में दस्तावेजों का अध्ययन करते हैं तो पता चलता है कि छत्तीसगढ़ में खेल को लोकप्रिय बनाने के लिए या फिर खिलाड़ियों के हौसला अफजाई के लिए पिछले 24 वर्षों में जो भी प्रयास किए गए हैं वह पर्याप्त नहीं है। वस्तुतः राष्ट्रीय खेलों के परिणाम को किसी भी राज्य के खेल गतिविधि का आधार माना जाता है। 2001 से लेकर 2023 तक के राष्ट्रीय खेलों के परिणाम पर नजर डालने से स्थिति और स्पष्ट होगी। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभागियों ने 2001 में 2 रजत एक कांस्य सहित तीन, 2002 में तीन स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य सहित पांच, 2007 में तीन स्वर्ण, दो रजत, एक कांस्य सहित छः, 2011 में चार स्वर्ण, एक रजत, दो कांस्य सहित सात, 2015 में दो स्वर्ण, चार रजत तथा चार कांस्य सहित 10, 2022 में दो स्वर्ण, 5 रजत, 6 कांस्य सहित 13 साथ ही 2023 में तीन स्वर्ण, तीन रजत, 19 कांस्य सहित 25 पदक प्राप्त किया। इस प्रकार पिछले सात राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों ने 16 स्वर्ण, 17 रजत, 40 कांस्य पदक सहित कुल 57 पदक जीता है। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को हम उत्साहजनक नहीं कह सकते। लेकिन सिर्फ उम्मीद पर खरे नहीं उतरने से हमारे प्रदेश के खेल व खिलाड़ियों को उपेक्षित नहीं किया जा सकता है। हमारे राज्य की खेलकूद गतिविधि पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि राज्य बनने के बाद विभिन्न खेल संघों में उच्च प्रशासनिक अधिकारी या राजनीतिज्ञ या समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों ने अपना कब्जा जमा लिया। जिनका खेल के प्रति कोई विशेष दिलचस्पी नहीं थी। फिर खेल विभाग के पदस्थ खेल प्रशासकों की भी उपेक्षा उच्च प्रशासनिक अधिकारियों, राजनीतिज्ञों द्वारा की गई। ऐसे हालात में हमारे प्रदेश में खेल का वातावरणआज तक नहीं बन सका है। सबसे दुर्भाग्य की बात है कि 2018 से 2023 तक के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ के खेल वातावरण को बाधित किया गया इस दौरान खिलाड़ियों को उनके हक से वंचित किया गया और खेल वातावरण को छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का नाम देकर प्रदूषित करने की कोशिश की गई।हमारे प्रदेश में जब तक खेल व खिलाड़ियों का जीवन, समाज में महत्व को समझने वाला नेतृत्व नहीं आएगा तब तक प्रदेश के खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल नहीं हो सकता।

## पिकअप-ट्रक में टक्कर,2 की मौत

**दुर्ग,21 जनवरी।** दुर्ग जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में 2 महिलाओं की मौत हो गई है और 15 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है, जहां कुछ लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। मिली



जानकारी के अनुसार, यह भीषण सड़क हादसा दुर्ग जिले के दनिया गांव के पास बोरी थाना क्षेत्र में हुई है। यहां पिकअप वाहन और ट्रक में जोरदार टक्कर हुई है। इस हादसे में पिकअप सवार दो महिलाओं की मौत हो गई है और 15 लोग घायल हुए हैं, जहां कुछ लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी है।

# 22 कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई को 22 कर्मचारियों की अनुकंपा नियुक्ति की स्वीकृति मिली। इनको नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदान किया गया। ये शासन के नियमानुसार नियमित कर्मचारी होगें। वे कर्मचारी जो पूर्व में नगर निगम भिलाई में सेवाएं दे रहे थे, उनकी मृत्यु हो जाने के बाद उनके परिवार से एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाती है। जिससे उस परिवार का भरण-पोषण हो सके। 22 कर्मचारी अतिरिक्त मिल जाने से कार्यो को संपादन करने में सुविधा होगी। प्रमुख रूप से कर्मचारी श्रीमती काजल, रोशन कुमार, चुड़ामणी शर्मा, श्रीमती सुमन देवांगन, हानेन्द्र चंदेल, श्रीमती पार्वती यादव, समीर अहमद, तोरणलाल साहू, डी. आनंद, निलेश ठाकुर, राजेश कुमार, मलकीत सिंह, कार्तिक राम, श्रीमती ए.ज्योति, कुशाग्र सिहं, भूपेन्द्र कुमार, राहुल कुमार, श्रीमती मनीषा, सुश्री ललिता पाण्डेय, प्रदीप कुमार रामटेके, पी कार्तिक राम, मनोज कुमार टण्डन सभी कर्मचारी अस्थायी



रूप से 3 वर्ष की परीक्षा अवधि पर शासन के शर्तो के अनुसार कार्य करेंगे। उनकी कार्यप्रणाली, शैली, स्वभाव, जनता एवं अधिकारियो से अच्छा व्यवहार आदि उत्तम रहा तो इन्हे 3 वर्ष पश्चात स्थायी रूप से नियमित किया जायेगा। 22 कर्मचारियों को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निगम के हित में निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए कहा।

## सेक्टर-10 में सुन्दरकाण्ड का आयोजन 22 को

**भिलाई, 22 जनवरी।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के अवसर पर आगामी 22 जनवरी बुधवार को सेक्टर-10 के स्थित दुर्गा-गणेश पूजा पंडाल में प्रातः 9 बजे से कलश यात्रा के साथ 10 बजे से सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया है । पाठ के उपरांत भोग के रूप में खिचड़ी प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा । विघ्नहर्ता सेवा समिति सेक्टर 10 ने अनुरोध किया है कि जिन महिलाओं को कलश यात्रा में शामिल होना है वे नारंगी रंग की साड़ी पहनकर तथा मिट्टी का ज्योति कलश व नारियल स्वयं सजाकर ठीक 9 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हों।

## एक नजर

### बीएसपी कर्मी ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई 21 जनवरी।** भट्टी थाना क्षेत्र के एक बीएसपी कर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जिस समय ये घटना हुई उस समय वह घर में अकेला



था. पत्नी शहर से बाहर थी पत्नी को वीडियोकॉल में मरने की जानकारी दी फिर आत्महत्या किया भट्टी थाना जांच अधिकारी पुरषोत्तम साहू ने आत्महत्या की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सोमवार दोपहर सेक्टर -1 क्रॉस स्ट्रीट 1 क्वॉर्टर नंबर 41सी निवासी राजेश सोनकर (53 साल ) ने दोपहर 12 बजे के लगभग आत्महत्या कर ली इस घटना को अंजाम देने से पहले राजेश ने पत्नी को वीडियो कॉल किया और आत्महत्या करने की जानकारी दी भिलाई भट्टी पुलिस कर रही जांच पुरषोत्तम साहू ने आगे बताया वीडियोकॉल में पति के मरने की जानकारी देने के बाद राजेश सोनकर की पत्नी डर गई. इस आत्मघाती कदम को रोकने के लिए उसने बिलासपुर निवासी अपने भतीजे को इसके बारे में बताया. भतीजे ने सुपेला भिलाई में रहने वाले अपने भांजे अखिलेश को इसके घटना के बारे में जानकारी दी और तुरंत राजेश सोनकर के घर जाने को कहा. अखिलेश राजेश सोनकर के घर पहुंचा. लेकिन तब तक राजेश सोनकर फांसी लगा चुका था. जिस समय वह पहुंचा, तब घर में घरेलू काम करने वाली महिला अपना काम कर जा चुकी थी नाश्ता बनाकर उसने राजेश सोनकर को दिया था जिसकी प्लेट टेबल पर रखी हुई थी भट्टी पुलिस ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. मर्ग कायम कर जांच किया जा रहा है. पारिवारिक विवाद की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### नशीली प्रतिबंधित टेबलेट बेचने वाला गिरफ्तार



**भिलाई 21 जनवरी।** नशीली प्रतिबंधित अल्प्रोजोलम टेबलेट बेचने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस आरोपी के कब्जे से 500 नग नशीली प्रतिबंधित अल्प्रोजोलम टेबलेट बरामद किया गया है स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरूविन्दर सिंग संधु ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सड़क नं. 18 गार्डन के पास नशीली प्रतिबंधित अल्प्रोजोलम टेबलेट ब्रिकी कर रहा है मौके पर जाकर घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेही सुनील कुमार डेकाटे निवासी वार्ड 45 ईडब्ल्यूएस 116 कसारीडीह दुर्ग थाना पद्मनाभपुर को पकड़ा गया, उसके पास से एक कैरीबैग में रखे 500 नशीली प्रतिबंधित अल्प्रोजोलम टेबलेट, ब्रिकी रकम 750 रू एवं एक नग मोबाईल एवं एक्टीवा क्र. सीजी 07 सीवी 1099 कीमती 57250 रू जब्त किया गया है।

### पूर्व सरपंच मोगरा पटेल लड़ सकती है जिला पंचायत चुनाव

**कवर्धा 21 जनवरी।** कबीरधाम जिले में पूर्व



सरपंच मोगरा संतोष पटेल भाजपा से जिला पंचायत सात ओर जिला पंचायत 9 के लिए दावेदारी कर सकती है जिसकी चर्चा होती दिखी । मोगरा पटेल ने चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा की पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसे मै दिल से निभाऊंगी ।

### जिला भाजपा कार्यालय में आवेदन देने वालों की कतार



**कवर्धा 21 जनवरी।** जिला पंचायत बारह से रघुराज सिंह ठाकुर और जिला पंचायत 14 से रामकृष्ण साहू चुनाव लड़ना चाहते है जिसके लिए आवेदन जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी को सौंपा । नगर पंचायत अध्यक्ष , जनपद सदस्य , सरपंच चुनाव लड़ने वालो ने भी आवेदन दिया । जिला बीजेपी कार्यालय से कुछ दूरी पर चाय पीते पीते लोग चर्चा करते दिखे की भाजपा से दावेदारों की लंबी लिस्ट दिख रही है । जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने बताया की हजारों आवेदन आ चुके है ।

### भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा सप्ताह का समापन



**भिलाई, 21 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल व आरटीएस विभाग में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन 18 जनवरी को लांग रेल परिसर में कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य महाप्रबंधक टी दस्तीदार, महाप्रबंधक जे तुलसीदासन तथा महाप्रबंधक आर के राजधर उपस्थित थे।

## बार एवं राड मिल में घर से घर तक कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 21 जनवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल में विगत दिनों ठेका श्रमिकों के परिवार के उत्साहवर्धन एवं जागरूकता बढ़ाने हेतु घर से घर तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने अपने उद्बोधन में इस्पात उद्योग में कार्य की प्रकृति और सुरक्षा के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित महाप्रबंधक सच्चिदानंद त्रिपाठी, महाप्रबंधक आशीष, महाप्रबंधक शाश्वत मोहंती और वरिष्ठ प्रबंधक अजय कुमार ने भी सत्र को संबोधित किया और घर और कार्यस्थल पर तथा आने-जाने के दौरान सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। बीआरएम के उप महाप्रबंधक तुषार श्रीखंडे द्वारा चित्रित फोटोग्राफ में असुरक्षित स्थितियों और कृत्यों की पहचान पर एक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। सुरक्षा प्रश्नोत्तरी के दौरान बीआरएम के विभागीय सुरक्षा अधिकारी शकील अहमद ने कार्यस्थल पर जोखिमों और खतरों की बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस के दौरान श्रीमती विद्या, श्रीमती भास्कर, अलीना आदि प्रतिभागियों को सुरक्षा प्रश्नोत्तरी में भाग लेने के लिए आकर्षक पुरस्कार दिए गए। वरिष्ठ प्रबंधक सुनील कुमार सोनी ने संचालन किया।

## नि:शुल्क कैंसर जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन

**भिलाई, 21 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र एवं बालको मेडिकल सेंटर, नवा रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क कैंसर जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन 20 जनवरी को क्लब हाउस, बी ब्लॉक, तालपुरी ट्विन सिटी इंटरनेशनल कॉलोनी में किया गया। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ अजीत अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, महाप्रबंधक शिवराजन, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े तथा मेडिकल स्टाफ सहित सीएसआर कर्मी उपस्थित थे।



## दक्षिण पाटन में जिला पंचायत सदस्य क्रमांक-12 के लिए करुणाराज साहू की मजबूत दावेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग 22 जनवरी।** दक्षिण पाटन के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से प्रबल दावेदार के रूप में रानीतराई के पूर्व सरपंच श्रीमती करुणाराज साहू का नाम प्रमुख दावेदार के रूप में उभर कर सामने आ रही है। श्रीमती करुणाराज साहू प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य व पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज साहू की धर्मपत्नी है और पूर्व में ग्राम पंचायत रानीतराई के सरपंच पद पर रहकर रानीतराई जैसे बड़े पंचायत का नेतृत्व करते हुए विकास का आयाम कायम किए है श्रीमति करुणा राज साहू के कार्यकाल में ही प्रथम बार छत्तीसगढ़ के तात्कालिक मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी का आगमन रानीतराई में हुआ था जिसमें उस समय के गुण्डरदेही विधानसभा के अनेकों ग्रामों के करोड़ों के विकास कार्यो का लोकार्पण ड्डभूमिपूजन तात्कालिक विधायक व संसदीय सचिव श्रीमती रमशिला दयाराम



साहू जी के कार्यकाल में सम्पन्न हुआ था साथ ही पूर्व में सेवा सहकारी समिति डीडाभाठा रानीतराई में सदस्य रहे चुकी श्रीमति करुणा राज साहू एम.ए. समाजशास्त्र शिक्षित है साथ ही मृदुभाषी सहज सरल स्वभाव की गृहणी महिला है श्रीमती करुणाराज के भाजपा समर्थित जिला पंचायत प्रत्याशी होने से उनके पति समाजसेवी ,पत्रकार श्री धनराज साहू प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य का लाभ उनके अपने जिला पंचायत क्षेत्र में सक्रियता का लाभ भी मिल सकता है जो कि विगत कई वर्षों से सक्रिय है और वरिष्ठ भाजपा नेता है स्वयं की अपनी अलग पहचान और सक्रिय टीम है और भाजपा कार्यकर्ता और आम जनमानस, नागरिकों में जाना पहचाना नाम है ।

## धनोरा मे 24 फरवरी से श्री हनुमंत व राम कथा की बहेगी अविरल धारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 21 जनवरी।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 65 वर्षो से श्री मदभागवत कथा एवं दो वर्ष से श्री राम कथा का आयोजन होते आ रहा है इस वर्ष यह आयोजन श्री हनुमंत कथा श्री राम कथा एवं श्री शत् चंडी यज्ञ का आयोजन होना है श्री लक्ष्मण बाबा जी ने कहा कि श्री राम कथा भौतिक जीवन में शांति और आनंद प्राप्ति दुख दर्द संकट दूर के उद्देश्य से श्री राम जी की कृपा से आयोजन किया जा रहा है श्री राम कथा ही नहीं बल्कि यह जीवन संबंधित ज्ञान भंडार है राम चरित कथा यह जो हमें प्रेरणा देती है और यदि हम उनकी बातों को मानते हैं तो वह हमारे जीवन आसान बनाने का काम करती है कौन किसको पुछता है मतलब के अलावा पेड़ जब सुख जाते हैं तो उसपर परिंदे भी बसेरा नहीं करते अनुभव उम्र से नहीं परिस्थितियों का सामना करने से आता है धैर्य वह गुण है जो हर तुफान के बाद भी स्थिर खड़ा रहने की ताकत देता है अगर आप खुद मजबुत है तो असफल आपका कुछ नहीं



बिगड़ा सकती आगे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि माघी पुननी मेला के पावन पर्व पर 4 फरवरी से 7 फरवरी तक श्री हनुमंत कथा श्री पंडित दीपक पाण्डेय जी के मुखारविंद से एवं श्री राम कथा वाचक अनंत विभूषित हनुमंत दार पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्र चार्य महाराज चित्र कुट धाम उत्तर प्रदेश के मुखारविंद से शत् चंडी यज्ञ विद्वान पंडितों के द्वारा सुबह 8 बजे से 12 बजे तक कथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक एवं हर रोज शाम को आरती के बाद प्रसाद वितरण 10 फरवरी को रात्रि 7 बजे से 11 बजे तक छत्तीसगढ़ के मशहूर मानस मंडली श्री राम दरबार चीतमखार के मंडली के द्वारा मानस गान एवं 12 फरवरी माघी पुननी मेला मंड ई एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम 10 बजे से राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत की प्रस्तुति 12 फरवरी को श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के द्वारा भंडारा प्रसाद वितरण जाए गा दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस श्री हनुमंत कथा श्री राम कथा में डुबकी लगाकर अपने जीवन को कृतार्थ करने का यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं श्री कुंज लाल साहू जी ने दी।

## राजभर महासभा के भवन निर्माण के लिए खुर्सीपार में भूमिपूजन

**भिलाई, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के अध्यक्ष नरसिंह राजभर के नेतृत्व में गत शुक्रवार 17 जनवरी को वार्ड-48 खुर्सीपार में सामाजिक भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। जिसमे समाज के वरिष्ठजन बीएल राज, राधेश्याम भारद्वाज, रामनारायण राजभर, तूफानी राजभर, सूर्या राज, शिवपूजन राज, राजेश राज, समाज के युवा नेता भानुप्रताप राय, जियुत प्रसाद सहित अन्य सम्मानित सदस्य एवं वरिष्ठ गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के अध्यक्ष नरसिंह राजभर ने कहा कि भारतवर्ष के राजभर समुदाय के लोग राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। प्रत्येक क्षेत्र में राजभर समुदाय अग्रणी भूमिका में है। अभी महाराष्ट्र मुंबई में समाज का सामाजिक अधिवेशन हो रहा है उसके बाद छत्तीसगढ़ के भिलाई में फरवरी माह



में होना तय हुआ है। नरसिंह ने कहा कि खुर्सीपार में बनाने वाला सामाजिक भवन देश में अपने तरह का अनूठा भवन होगा जहाँ राजभर समाज के स्वजातीय बन्धु अपने सामाजिक कार्यक्रमों को कर सकेंगे। इसके लिए मंत्री एवं विधायकों से लेकर नगर निगम एवं बीएसपी से भी सहयोग लिया जा रहा है।

### सेक्टर-6 में अवैध कब्जाधारियों पर बड़ी कार्रवाई

**भिलाई, 21 जनवरी।** भिलाई टाउनशिप में बढ़ते अतिक्रमण एवं अवैध रूप से किए जा रहे व्यवसाय पर नियंत्रण हेतु संपदा न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 20 जनवरी को कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की उपस्थिति में सेक्टर 06 ई मार्केट भिलाई के अवैध कब्जाधारियों पर बेदखली की बड़ी कार्यवाही की गयी। कार्यवाही में प्रवर्तन अनुभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, निजी सुरक्षा गार्डस (महिला सुरक्षा गार्ड सहित), के अतिरिक्त जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित कार्यपालक मजिस्ट्रेट वासुमित्र दीवान, थाना प्रभारी थाना कोतवाली प्रशांत मिश्रा,

## समाचार संक्षेप

### नगरीय विकास सोपन कार्यक्रम आयोजित



**जामुल 21 जनवरी।** राज्य शासन द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग के तत्वाधान में आयोजित नगरीय विकास सोपन कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम रायपुर में किया गया। जिसका वर्चूअल प्रसारण नगर पालिका जामुल के सभागार में किया गया । कार्यक्रम को मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री माननीय अरूण साव, मंत्री नगरीय प्रशासन भारसाधक एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने संबोधित किया कार्यक्रम में नगरीय क्षेत्र होने वाले विकास कार्य राशि 156 करोड़ के 813 विकास कार्य का भूमि पूजन एवं जल प्रदाय योजना का शिलान्यास किया गया साथ ही अनुकंपा नियुक्ति के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया और प्रदेश भर के नगर में स्वच्छता में विशेष योगदान देने वाले स्वच्छता दीदीयों का सम्मान किया गया । नगर प्रशासन जामुल द्वारा आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम सभागार में मुख्य रूप से नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति सीमा बक्शी, पार्षदगण दीपक गुप्ता, रामदुलार साहू, राजस्व प्रभारी हरीश साहू सहित आशा जंघेल, रामू देवांगन, मोहन वर्मा, मेघनाथ सोनी, चुम्मन यादव, नरेन्द्र यादव, वेदांत वर्मा, अशोक पटेल, देवकुमार वर्मा, नरेन्द्र मढ़रिया, राजकुमार सहित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई 21 जनवरी।** पुरानी जान पहचान का फायदा उठाकर अपनी सीनियर को बिट क्वाइन में इनवेस्ट का झांसा देकर 36 लाख रुपए की रकम ठगने वाले एक आरोपी को पकड़ने पुलिस केबल ऑपरेटर बनकर नागपुर पहुंची और जीएसटी अफसर के पुत्र को नागपुर से गिरफ्तार किया भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि वैष्णवी नायर निवासी सड़क 13 स्मृति नगर ने



पिछले वर्ष 24 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2016 में बीटेक की पढ़ाई के दौरान उसका आरोपी तन्मय विनोद कोहड़ से परिचय हुआ। उस दौरान वह जूनियर बैच में था। वर्ष 2019 में आरोपी तन्मय विनोद कोहड़ ने उसे नौकरी दिलवाने के लिए संपर्क किया इसके कुछ समय तन्मय विनोद कोहड़ के द्वारा प्रार्थिया से बीट क्वाईन में रकम निवेश करने पर अच्छा रिटर्न होने की बात कहकर वर्ष 2020 से 2022 तक विभिन्न तिथियों में अपने पेटीएम में कुल 36,15,212 रू जमा कराकर धोखाधड़ी किया गया आरोपी की पता तलाश के दौरान मुखबीर से सूचना मिली की आरोपी तन्मय विनोद कोहड़ नागपुर में अपने घर में बाहर से ताला बंद कर दिया और उसी घर के अन्दर छिपकर निवास कर रहा है। सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों ने नागपुर पुलिस से समन्वय स्थापित किया जहां जानकारी हुई कि आरोपी तन्मय विनोद कोहड़ घर में छिपा हुआ है। तब पुलिस द्वारा मौके पर केबल आपरेटर बन कर आरोपी तन्मय विनोद कोहड़ के यहां पर दबिश दी गई। उसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर आरोपी के कब्जे से घटना में उपयोग किये गये मोबाइल फोन को जब्त किया गया आरोपी ने प्रार्थिया को प्रलोभन देकर छल पूर्वक जो राशि प्राप्त की थी उसके बैंक खाता की जानकारी प्राप्त की जा रही है आरोपी तन्मय विनोद कोहड़ पिता विनोद कोहड़ 28 वर्ष निवासी न्यू वसुंधरा सोसयटी बेलतोरडी नागपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### षड़यंत्रपूर्वक धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज

**भिलाई 21 जनवरी।** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर के द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से 12 लाख 70 हजार रुपए में भूखंड विक्रय किया गया परंतु सीमांकन में उक्त जमीन ही नहीं थी। वहीं शाखा प्रबंधक ने उक्त रकम महिला को वापस नहीं की। पीड़ित महिला ने वैशाली नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने शाखा प्रबंधक एवं कलेक्शन प्रबंधक और अन्य के खिलाफ षड़यंत्र पूर्वक धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी निधि ओबेराय निवासी मकान न0 433 पानी टंकी के पिछे मिलन चौक के पास न्यू खुर्सीपार द्वारा पी.एन.बी. हाउसिंग फाइनेंस प्राईवेट लिमिटेड रायपुर के शाखा प्रबंधक एवं ब्रांच कलेक्शन मैनेजर एवं अन्य के विरूद्ध कार्रवाई के लिए शिकायत पत्र जांच हेतु प्राप्त हुआ था। शिकायत जांच पर पी.एन.बी. हाउसिंग के शाखा प्रबंधक महेन्द्र वल्लुरी ब्रांच कलेक्शन प्रबंधक विजय ठाकुर एवं अन्य के द्वारा वर्ष 2020 में नीलामी निकाली गई। निधि ओबेरॉय ने पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस द्वारा उक्त जमीन नीलामी में ली। जमीन खसरा न0 6420 पुराना खसरा नंबर 332/2 प.ह.न. 14/19 शांति नगर कालोनी वार्ड न0 11 मौजा कोहका के जमीन को ई-ऑक्शन से ली गई। उक्त भूखण्ड का आवेदिका ने ई- नीलामी में बारह लाख सत्तर हजार पांच रूपये यूको बैंक के माध्यम से भुगतान किया । 5 अक्टूबर 2020 को पी.एन.बी. हाउसिंग द्वारा उक्त भूखण्ड का सेल्स सर्टिफिकेट (विक्रय प्रमाण पत्र) आवेदिका को दिया गया। उपरोक्त भूखण्ड का विधिवत सीमांकन 16 अक्टूबर 2023 को पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड के ब्रांच कलेक्शन प्रबंधक विजय ठाकुर के द्वारा राजस्व निरीक्षक से कराया गया था। राजस्व निरीक्षक सतपाल यादव के द्वारा मौके स्थान पर मुआयना, निरीक्षण एवं पंचनामा करने के पश्चात उपरोक्त बताये गये खसरा नंबर स्थल पर नहीं होना बताया गया। सीमांकन प्रतिवेदन में यह भी दर्ज किया गया कि उक्त खसरा नंबर की भूमि नहीं है।


## एक नज़र

### प्रधानमंत्री आवास योजना के पक्के मकानों में शीघ्र व्यवस्थापित होंगे 100 परिवार

**रायपुर21 जनवरी।** आज प्रातः प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा की विशेष उपस्थिति में नगर पालिक निगम की ओर से काशीराम नगर आवासीय योजना के जर्जर मकानों में निवास कर रहे 100 भवन स्वामियों को मठपुरैना के प्रधानमंत्री आवास योजना आवासीय परिसर के पक्के रिक्त मकानों हेतु आबंटन पत्र विधायक कार्यालय में विधायक के करकमलों से वितरित कर दिए गए। इन 100 भवन स्वामियों को शीघ्र काशीराम नगर से मठपुरैना के पक्के मकानों में व्यवस्थापन दे दिया जायेगा। आबंटन पत्र प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सम्बंधित 100 भवन स्वामियों ने इस हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, रायपुर जिला कलेक्टर एवं रायपुर नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा को हार्दिक धन्यवाद दिया। इस अवसर पर निगम जोन 3 के पूर्व जोन अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद साहू, पूर्व पार्षद श्रीमती शीतल कुलदीप बोगा, निगम अधीक्षण अभियंता श्री संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता श्री अंशुल शर्मा सीनियर, श्री रघुमणि प्रधान, सहायक अभियंता श्री योगेश यदु, श्री योगेश कडु की उपस्थिति रही।

### वार्ड-3 से अधिवक्ता सतीश पाण्डेय हो सकते हैं मजबूत दावेदार

**डोंगरगांव 21 जनवरी।** डोंगरगांव में इन दिनों चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है और अपनी अपनी दावेदारी के लिए सभी प्रयासरत है इसी क्रम में प्रबल दावेदार, उच्च शिक्षित, ईमानदार, जनहित के मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखने वाला, साफ़ सुथरा एक नया चेहरा, नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश



कुमार पाण्डेय ने जो विगत 15 वर्षो से विधि के क्षेत्र में अपनी निरंतर सेवाएं नगर व क्षेत्र की जनता को देते हुए अपनी एक दमदार क्षवि स्थापित किया है,साथ ही पार्टी से लगभग 24 वर्षो से जुड़कर एक मजबूत कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवाएं पार्टी को देते आ रहे हैं। वर्तमान में वे पार्टी के प्राथमिक व सक्रिय सदस्य हैं। नगर पंचायत चुनाव 2025 में भारतीय जनता पार्टी से वार्ड नं 03, जो की सामान्य वर्ग हेतु अनारक्षित है से पार्षद पद के लिए पहली बार अपनी प्रबल दावेदारी प्रस्तुत करते हुए पार्टी के आलाकमान से पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार बनाए जाने की माँग की है। नगर पंचायत जैसे अति महत्वपूर्ण संस्थान पर जहां नगर के विकास की योजनाएं बनाई जाती हो, ऐसे संस्थान में समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोग जब तक आगे नहीं आयेंगे और राजनीतिक पार्टियां ऐसे लोगों को आगे आने का अवसर प्रदान नहीं करेंगी, तब तक किसी भी क्षेत्र का समुचित विकास हो पाना संभव नहीं होगा । ऐसे संस्थानों में शिक्षाविद,कानून के क्षेत्र से,डॉक्टर के पेशे से जुड़े लोग, इंजीनियरिंग के क्षेत्र से, या अन्य सेवाओं में सेवाएं देने वाले साफ़ सुथरे क्षवि वाले, दृढ़ निर्णय लेने वाले जानकार व्यक्तियों का निर्वाचित होकर ऐसे संस्थानों में आना अति आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। आज यदि पार्टियों द्वारा ऐसे व्यक्ति को अपना चेहरा बनाती है, तो निश्चित ही नगर की जनता एवं राजनीतिक महकमे में एक अच्छा संकेत जायेगा, साथ ही नगर के विकास व जनहित के मुद्दों पर सही निर्णय लेने की क्षमता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन हो पाएगा।

### वार्ड-35 से दीपक साहू की प्रबल दावेदारी

**राजनंदगांव 21 जनवरी।** नगर निगम के कुल 51 वार्ड में आधा दर्जन वार्ड तो लखोली क्षेत्र से ही आ जाते हैं। इसी लखोली क्षेत्र स्थित वार्ड



नंबर 35 लखोली से दीपक साहू ने अपनी प्रबल दावेदारी ठोक दी है। उनकी इस दावेदारी से वार्ड वासियों सहित शहर के शुभचिंतकों में प्रसन्नता व्याप्त है। उनकी यह प्रबल दावेदारी भाजपा, कांग्रेस व अन्य पार्टी के संभावित तथा संभावित निर्दलीय उम्मीदवारों की चिंता बढ़ाने वाली है। शासकीय दिग्विजय कॉलेज से स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त श्री साहू लगभग 20 साल से पत्रकारिता करते हुए वार्ड समेत शहर जिले के लोगों की सेवा में सतत रूप से लगे हुए हैं। वार्ड वासियों की छोटी-मोटी समस्याओं को वे निगम और जरूरत पड़ी तो तहसील और जिला कार्यालय जाकर भी निपटाते रहे रहे हैं। उनके इस लंबे अनुभव का फायदा उनके पार्षद बनने से न सिर्फ वार्ड वासियों बल्कि पूरे शहर वासियों को मिल सकता है। अपनी दावेदारी के संबंध में दीपक साहू का कहना है।

# कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रगतिशील कृषकों का सम्मान

**रायपुर 21 जनवरी।** दिनांक 20 जनवरी, 2025। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि मेहनतकश किसानों को सक्षम बनाने में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं कृषि वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी का परिणाम है कि आज किसान उन्नत कृषि तकनीक का उपयोग कर आत्मनिर्भर बन रहे है और खुशहाली की राह पर आगे बढ़ रहे है। श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषि के विकास और किसानों की समृद्धि में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का अहम योगदान है। विश्वविद्यालय द्वारा विकसित अनुसंधान एवं प्रसार प्रौद्योगिकी ने छत्तीसगढ़ के किसानों को सक्षम बनाने का काम किया है। श्री नेताम आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 39वें स्थापना दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि



विश्वविद्यालय, रायपुर एवं राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड, बरामूला (जम्मू-कश्मीर) के संयुक्त तत्वावधान में ''कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक अनुसंधान पहल'' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ कर रहे थे। श्री नेताम ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से आव्हान किया कि वे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय पहचान देने के लिए उत्कृष्टता के साथ कार्य करें। कृषि मंत्री श्री नेताम ने इस अवसर पर कहा कि 20 जनवरी 1987 को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के स्थापना के समय छत्तीसगढ़ में कृषि एवं संबद्ध विषयों से संबंधित केवल तीन महाविद्यालय संचालित थे। आज यहां 47 शासकीय कृषि एवं संबद्ध महाविद्यालय तथा 15 निजी महाविद्यालय संचालित है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अपने ज्ञान और उत्कृष्टता की धाक जमाई है। यह गर्व की बात है कि इसी विश्वविद्यालय में छात्र और प्राध्यापक रहे डॉ. गिरीश चंदेल आज इस विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में विश्वविद्यालय का आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं और विश्वविद्यालय के अन्य प्राध्यापक डॉ. आर.आर. सक्सेना महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति पद को सुशोभित कर रहे हैं। श्री नेताम ने विश्वविद्यालय की स्थापना के 38 वर्ष की विकासयात्रा पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने बताया कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर की स्थापना 20 जनवरी 1987 को हुई थी। इस विश्वविद्यालय को छत्तीसगढ़ प्रदेश में कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार की जिम्मेदारी दी गई है, जिसे विश्वविद्यालय अपने 28 कृषि महाविद्यालय, 4 कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, 1 खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, 08 अनुसंधान केन्द्र एवं 27 कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से संचालित कर रहा है।

# कार्यशाला में दी समान काम-समान वेतन अधिनियम की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 जनवरी।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरढ़ में पीएम उषा योजना अंतर्गत महिलाओं को प्रदत वैधानिक अधिकारों पर आयोजित 5 दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिन 16 जनवरी गुरूवार को समान काम-समान वेतन अधिनियम 1976 पर जानकारी देने मुख्य वक्ता के रूप में सत्र न्यायालय डोंगरगढ़ के अधिवक्ता राजेश उजवने उपस्थित थे। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य वक्ता तथा संस्था प्रमुख प्राचार्य द्वारा मां सरस्तवी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात संस्था प्रमुख प्राचार्य द्वारा मुख्य वक्ता राजेश उजवने को पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।




कार्यशाला में उपस्थित मुख्य वक्ता अधिवक्ता राजेश उजवने ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं कार्यरत है तथा देश की लगभग आधी आबादी महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। इसलिए संविधान में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार महिलाओं को भी समान काम के लिए समान वेतन दिया जाना चाहिए। लेकिन वर्तमान में आजादी के 75 वर्ष बाद भी विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को समान काम के लिए समान वेतन एवं पारिश्रमिक नही दिया जा रहा है। इसलिए अब महिलाओं को अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है तथा महिलाओं को इस तरह के आर्थक शोषण के विरोध में आवजा उठाने तथा संगठित होने की आवष्यकता है। अधिवक्ता राजेश उजवने ने इस विषय पर और प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी सरकार दस्तावेजों में इस प्रावधान का भी उल्लेख है कि महिलाओं को भी पुरूषों के समान काम के लिए समान वेतन दिया जाना है। यदि इस प्रावधान का पालन नही होता है तो प्रभवित महिलाएं कानून का सहारा लेकर इसे प्राप्त कर सकती है। कार्यशाला को पीएम उषा के संयोजक डॉ.आर.आर. ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं अपने घरेलू काय्र का दायित्व के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपनी जवाबदेही कुषलता से साथ निर्वहन कर रही है। अतः उनकी आर्थिक आंकलन में निर्भर नही होना चाहिए। इस कार्यशाला में उपस्थित सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रीमती आशा चौधरी, एवं ओपी वर्मा ने भी संबोधित करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन पीएम उषा प्रभारी डॉ.आर.आर.कोचे ने किया।

# कलेक्टर ने ली सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में आदर्श आचरण संहित लागू होने के संबंध में रानीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के लिए आम निर्वाचन की घोषण आज कर दी है। कलेक्टर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव में महापौर एवं वार्ड पार्षद, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ एवं नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया तथा लाल बहादुर नगर में अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद के लिए आम निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत जिला पंचायत स्दस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच एवं पंच पदों के लिए आम निर्वाचन कार्यक्रम की घोषण कर दी गई है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत के लिए प्रथम चरण में जनपद पंचायत राजनांदगांव, द्वितीय चरण में जनपद पंचायत छुरिया एवं तृतीय चरण में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव में निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री हितेश्वरी बाघे, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले के संपूर्ण क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय हेतु 22 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 10.30 बजे निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन एवं रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन तथा 22 जनवरी 2025 से पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 29 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 31 जनवरी 2025 अपरान्ह 3 बजे तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 31 जनवरी 2025 को अभ्यर्थिता के नाम वापसी के बाद निर्वाचन लडने् वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा।

### 46 सामुदायिक शौचालयों के 3 संचालकों का अनुबंध आयुक्त ने किया निरस्त

**राजनांदगांव 22 जनवरी।** शासन की स्वच्छता श्रृंगार योजनान्तर्गत निगम सीमाक्षेत्र स्थित सामुदायिक शौचालयों के रख-रखाव एवं संधारण संचालन कार्य में लापरवाही पर 46 सामुदायिक शौचालय के 03 संचालकों द्वारा अनुबंध शर्तो के उल्लंघन पर आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने नोटिस जारी कर उनका अनुबंध निरस्त कर दिया। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि, स्वच्छ भारत मिशन के तहत् शासन की स्वच्छता श्रृंगार योजनान्तर्गत निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित सामुदायिक शौचालयों के रख-रखाव एवं संधारण संचालन का दायित्व विधिवत निविदा आंमत्रित कर एजेंसियों को दिया गया था। शौचालयों का समय-समय पर निरीक्षण के दौरान 46 सामुदायिक शौचालयें में अव्यवस्था पाया गया, इस संबंध में संबंधित एजेंसियों को मौखिक एवं लिखित में व्यवस्था सुधारने निर्देश दिया गया था। निर्देश उपरांत भी संचालकों के द्वारा व्यवस्था में सुधार नही किया गया न ही उनके द्वारा संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत किया गया। 46 सामुदायिक शौचालयों के तीनों संचालकों क्रमशः सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, सिटी केयर फाउंडेशन, राजनांदगांव एवं आरोहण समाज सेवी संस्थान दुर्ग का कार्य में सुधार नही करने तथा संतोषप्रद जवाब नही देने पर आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अनुबंध के शर्तो का उल्लंघन का हवाला देकर अनुबंध निरस्तीकरण की कार्यवाही किए। उन्होने कार्यादेश अनुसार सौंपे गए शौचालयों का संपूर्ण परिसंपत्तियों सहित सूचीबद्ध कर तीन दिवस के अंदर मिशन क्लीन सिटी प्रभारी को सौंपना सुनिश्चित करने कहा।

# आर्दश आचार संहिता लगते ही निगम ने हटाये 300 से अधिक छोटे-बड़े बोर्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 चुनाव के संबंध में आदर्श आचार सहिता एवं चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के आदेशानुसार राजनांदगांव नगर निगम निर्वाचन 2025 के लिये आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निगम सीमांतर्गत सम्पत्ति विरूपण के रोकथाम हेतु निगरानी समिति का गठन किया है। गठन उपरांत समिति के सदस्य आज आदर्श आचार सहिता लागू होते ही राजनैतिक दलों के छोटे बड़े विज्ञापन बोर्ड हटाने तथा दिवाल लेखन मिटाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दिये। जिसके तहत आज पहले दिन शाम तक रायपुर नाका जी.ई. रोड से प्रारंभ कर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 300 से अधिक



छोटे बड़े बोर्ड़ हटाये गये तथा 100 झण्डा, झण्डी निकाल 40 दिवाल लेखन मिटाया गया। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि स्थानीय निर्वाचन 2025 के तहत राजनांदगांव नगर निगम के लिये निगम सीमांतर्गत सम्पत्ति विरूपण रोकथाम हेतु कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके मो.नं. 9827118810 एवं कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा मो.नं. 7000862950 को प्रभारी अधिकारी तथा सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम मो.नं. 9981675320 एवं प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरीमा वर्मा मो.नं. 8319731636 को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है तथा प्र. स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा मो. नं. 7999698498 को प्रभारी अधिकारी समस्त वार्ड के अलावा उप अभियंताओं, समयपाल, सहा. राजस्व निरीक्षक को सहयोगी का दायित्व सौपा गया है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि गठित समिति स्थानीय निर्वाचन 2025 के तहत राजनांदगांव नगर निगम निर्वाचन के दौरान राजनीतिक दलो, उम्मीदवारों द्वारा अपनी पार्टी स्वयं के प्रचार प्रसार हेतु शासकीय, निजी, सार्वजनिक भवनों के दीवालों पर नारे (स्लोगन) प्रतीक चुनाव चिन्ह लिखकर किये गये सम्पत्ति विरूपण के निरीक्षण एवं विरूपण को हटाने मिटाने से संबंधित कार्यो का निस्पादन करेंगे तथा प्रतिदिन की गयी ।

## समाचार संक्षेप

### लाइसेंस नहीं होने पर पतंग दुकान तत्काल सीलबंद की गई

**रायपुर 21 जनवरी।** राजधानी शहर रायपुर में कुछ पतंग दुकानों में कथित रूप से चाइनीज मांझा का विक्रय किये जाने से सम्बंधित मिली जनशिकायतों को गंभीरता से लेते हुए रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम उपायुक्त राजस्व डॉक्टर अंजलि शर्मा के निर्देश पर नगर निगम राजस्व विभाग की सभी जोनों की टीमों द्वारा



सहायक राजस्व अधिकारी के नेतृत्व, राजस्व निरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों की उपस्थिति में पतंग दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान संतोषी नगर में दो पतंग दुकानों में 8 बंडल चाइनीज मांझा मिला, जिसे निगम जोन 6 जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल के निर्देश पर निगम जोन 6 राजस्व विभाग की टीम ने सम्बंधित पतंग दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल सम्बंधित दो दुकानों से कुल 8 नग चाइनीज मांझा जब्त कर लिया है और इसमें प्रक्रिया के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है. निगम जोन 4 की राजस्व विभाग की टीम द्वारा सहायक राजस्व अधिकारी श्री मानकुराम धीवर के नेतृत्व में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान निगम जोन 4 के तहत स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड नम्बर 45 के तहत सती माता सत्ती बाजार के पास संजय पतंग दुकान को अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं मिलने पर तत्काल दुकान को सीलबंद करने की कड़ी कार्यवाही की गयी है. निगम जोन 4 क्षेत्र में श्याम टाकीज बूढ़ापारा के पास की दो पतंग दुकाने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बन्द पायी गयीं. राजधानी शहर में चाइनीज मांझा की जनशिकायतों का त्वरित निदान करने नगर निगम क्षेत्र में अभियान जनहित में जनजीवन सुरक्षा की दृष्टि से नगर निगम प्रशासक एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार आगे भी सतत जारी रहेगी।

### रोहिणीपुरम तालाब गार्डन को निगम के सहयोग से सुन्दर और जनपयोगी स्वरूप दिया

**रायपुर 21 जनवरी।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के उद्यानिकी एवं पर्यावरण विभाग की समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सकारात्मक पहल पर उपायुक्त ( उद्यानिकी एवं पर्यावरण विभाग ) डॉक्टर अंजलि शर्मा के मार्गदर्शन में उद्यानों को आमजनों के दैनिक उपयोग हेतु अधिकाधिक जनपयोगी बनाने कार्य निरन्तर तेज गति से प्रगति पर है. इस क्रम में नगर निगम उद्यानिकी एवं पर्यावरण विभाग की पहल पर नगर निगम जोन क्रमांक 5 के उद्यान विभाग की टीम के सहयोग से निगम जोन 5 क्षेत्र में रोहिणीपुरम तालाब उद्यान को जनपयोगी बनाकर सुन्दर और सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया जा चुका है. पहले के अव्यवस्थित पाथ वे की आवश्यक मरम्मत और सुधार करवाकर उसे सुव्यवस्थित करवाकर पेंटिंग करवाकर सुन्दर स्वरूप दिया गया है. आमजनों के बैठने हेतु गार्डन चेयर को सुधारकर व्यवस्थित किया गया है. पौधरोपण, लान को सुन्दर तरीके से निखारा गया है,गार्डन की लाइटिंग को चुस्त - दुरुस्त कर दिया गया गया है और चारों ओर गार्डन में सुन्दर वाल पेंटिग की गयी है. इससे रोहिणीपुरम तालाब गार्डन की सुन्दरता में निखार आ गया है, जो आमजनों के मध्य आकर्षण का केन्द्र बन गया है.निगम जोन 5 क्षेत्र के तहत रोहिणीपुरम तालाब गार्डन को सुन्दर जनपयोगी स्वरूप देने के कार्य में नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता श्री लाल महेन्द्रप्रताप सिंह, सहायक अभियंता श्री नागेश्वर रामटेके, उप अभियंता श्री टिकेन्द्र चंद्राकर, निगम उद्यानिकी एवं पर्यावरण विभाग के उपअभियंता श्री आशुतोष सिंह का सहयोग उल्लेखनीय रहा।



# नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-25 की घोषणा

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत 2025 हेतु आम निर्वाचन की घोषणा कर दी गई है। जिसके अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने प्रेसवार्ता लेकर राजनांदगांव जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत 2025 आम निर्वाचन कार्यक्रम में संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री हितेश्वरी बाघे एवं अन्य अधिकारी तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।




कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सम्पूर्ण राजनांदगांव जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दी गई है। केवल नगरीय निकाय हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी। इलेक्ट्रानिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, रेडियो (निजी एफएम रेडियो सहित), ई-समाचार पत्र, बल्क एसएमएस व वाईस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य-श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी अनुमति लेंगे। निर्वाचन संबंधी किसी विज्ञापन, पोस्टर पर्चे या किसी अन्य अभिलेख पर उसके प्रकाशक एवं प्रिंटर का नाम, पता एवं मुद्रित संख्या छपा होना आवश्यक है। नगरीय निकाय में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) का उपयोग किया जाएगा। निर्वाचन में प्रयोग किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। मतदान हेतु मतदान मशीन तैयार करते समय भी रैंडम रूप से चयनित मतदान मशीनों पर मॉक पोल कराया जाएगा। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि इस प्रक्रिया का अवलोकन उपस्थित रहकर कर सकते है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन मत पत्रों के माध्यम से कराया जाएगा।

जिला स्तर पर निर्वाचन संबंधित शिकायत दूरभाष कमांक 07744-220557 के माध्यम से दर्ज कराई जा सकती है। जिले में अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों की संख्या 93 है। निर्वाचन प्रचार-प्रसार हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक नॉन बॉयो डिग्रेडेबल मटेरियल प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन की घोषणा के दिन से परिणाम की घोषणा तक रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रचार-प्रसार बंद रहेंगे। निर्वाचन से संबंधित अधिक एवं नवीनतम जानकारी के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है। मतदाता सूची में नाम सर्च करने के लिए लिंक का उपयोग किया जा सकता है।

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय हेतु 22 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 10.30 बजे निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन एवं रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन तथा 22 जनवरी 2025 से पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 29 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 31 जनवरी 2025 अपरान्ह 3 बजे तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 31 जनवरी 2025 को अभ्यर्थिता के नाम वापसी के बाद निर्वाचन लडने् वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। नगरीय निकाय क्षेत्र में आवश्यकता होने पर मतदान 11 फरवरी 2025 को सुबह 8 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक संपन्न कराया जाएगा।

# शराब दुकान हटाने कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** बौद्ध समाज व कबीर पंथी साहू समाज की भावनाओं को आहत पहुंचाते हुए एवं आम्बेडकर चौक पर विगत दिनों नई प्रीमियम शराब दुकान खोलकर संस्कारधानी पर कलंक लग रहा है। जिसका विरोध आज पूरा शहर कर रहा है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान स्थानांतरिक या बंद करने की मांग की है। मांग पूरा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। जानकारी के अनुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में सोमवार 20 जनवरी को जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर अम्बेडकर चौक स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग की है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि भारत रत्न बाबा भीमराव अम्बेडकर व कबीर पंथ साहू समाज के आश्रम सहित पास ही बालिका छात्रावास है। उसी स्थान पर आबकारी विभाग के निर्देशन पर नई प्रीमियम शराब दुकान खोलकर संस्कारधानी राजनांदगांव पर कलंक के समान



हो गया है। इस विषय को लेकर बौद्ध समाज द्वारा रैली निकालकर अपना विरोध जता चुके है। वहीं कबीर पंथी साहू समाज द्वारा शराब दुकान हटाने की मांग कर चुके है एवं कांग्रेस द्वारा भी पूर्व से ही शराब दुकानों को बंद करने बाबत् भी आबकारी विभाग से निवेदन किया था। इसी तरह कांग्रेसजन रेवाडीह में भी स्थित दुकान को हटाने बाबत् भी कई बार कहा गया है, वर्तमान में रेवाडीह के ग्रामीणों द्वारा धरना-आंदोलन कर आक्रोश दिखाया गया है। जिस पर प्रशासन रेवाडीह शराब दुकान को हटाने बाबत् आश्वासन रेवाडीह की जनता को दे चुकी है। श्री छाबड़ा ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि प्रशासन जल्द ही इस पर निर्णय नहीं लेता है तो आने वाले समय में अप्रत्याशित घटनाक्रम के जनआक्रोश का सामना प्रशासन को करना पड़ सकता है।

संपादकीय

## जो वादा किया साय सरकार पूरा कर रही है



हर सरकार चुनाव में राज्य की जनता से कई तरह के वादे करती है, जनता उसी सरकार पर भरोसा करती है जो पांच साल में सारे वादे पूरे करती है।कई सरकारे चुनाव जीतने के लिए तो बहुत सारे वादे कर देती हैं लेकिन जब पूरे करने की बात आती है तो वह पांच साल में भी पूरे नहीं कर पाती है, इसका खामियाजा उसको राजनीतिक नुकसान के रूप में भुगतना पड़ता है। रमन सरकार ने किसानों को बोनस नहीं दिया और उनको इसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। इसी तरह भूपेश सरकार ने राज्य की महिलाओं से राज्य में पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था लेकिन सरकार बनने के बाद उसने शराबबंदी का वादा पूरा नहीं किया तो इसका खामियाजा उनको अगले चुनाव में भुगतना पड़ा। साय सरकार ने इससे सबक लिया है और चुनाव में ऐसे वादे करने से बची जो बाद में पूरे नहीं किए जा सकते। यही वजह है कि वह एक साल में चुनाव में किए ज्यादातर वादे पूरे कर सकी है। जो वादे अभी पूरे नहीं हुए हैं, उनको पूरा करने के लिए अभी चार साल का समय है।वह सारे वादे चार साल में पूरे कर देगी।भाजपा ने चुनाव में किसानों से वादा किया था कि वह उनको धान का मूल्य ३१०० रुपए देगी। प्रति एकड़ २१ क्विंटल धान ३१०० रुपए में खरीदा जाएगा।समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का पैसा तो किसानों के खाते में धान बेचने के कुछ दिन के भीतर पहुंच जाता है और अंतर की राशि ८०० रुपए साय सरकार ने किसानों के खाते में फरवरी में भेजने का फैसला किया है। एक फरवरी को पता चलेगा कि राज्य के कितने किसानों ने धान बेचा है, उसके बाद सरकार उनके खाते में समर्थन मूल्य २३०० रुपए के बाद की अंतर की राशि ८०० रुपए उनके खाते में डाल देगी. पिछली बार भी साय सरकार ने किसानों को धान का ३१०० रुपए दिया था। इस बार भी वह किसानों को धान का ३१०० रुपए देकर अपना वादा फरवरी में पूरा कर देगी।यानी यह सरकार की बड़ी सफलता होगी। क्योंकि साय सरकार लगातार दूसरे साल भी किसानों का धान प्रति एकड़ २१ क्विंटल प्रति क्विंटल ३१०० रुपए में खरीदने में सफल रही है। बड़ी बात यह है कि साय सरकार ने दूसरे साल ज्यादा किसानों का ज्यादा धान खरीदा है और देश में किसानों को धान का सबसे ज्यादा पैसा दिया है।१८जनवरी तक साय सरकार ने १३२ लाख टन धान की खरीदी कर चुकी है यानी लक्ष्य के हिसाब से उसे अब १३ दिन में २८ लाख टन धान की खरीदी ही करनी है,यानी यह कोई मुश्किल काम नहीं हैं।जब धान खरीदी शुरू हुई थी तो कांग्रेस यही राग अलाप रही थी कि साय सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती है, सरकार ४० दिन में पूरा धान नहीं खरीद सकती। साय सरकार फिर एक बार किसानों का धान तय समय में खरीदने मे सफल होगी और वह खुद को भूपेश सरकार से ज्यादा किसान हितैषी दूसरी बार साबित करेगी। जब भूपेश सरकार राज्य में थी उसको बड़ा घमंड था कि पूरे देश में किसानों का सबसे ज्यादा धान उसने खरीदा है, सबसे ज्यादा धान का पैसा उसी ने किसानों को दिया है। साय सरकार ने उससे ज्यादा धान, उससे ज्यादा पैसे में खरीद कर बता दिया है कि वह किसान की हितैषी है। वह किसानों के लिए वह सब कर रही है जो जरूरी है।साय सरकार ने हाल ही में भूमिहीन किसानों को दस हजार रुपए हर साल देने की घोषणा कर किसानों के बीच अपना जनाधार और बढ़ाने की कोशिश की है और साबित किया है कि वह किसानों के हित में काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी। इस तरह देखा जाए तो राज्य साय सरकार किसानों की हर तरह से मदद कर रही है तो केंद्र सरकार भी किसानों को किसान सम्मान निधि साल का छह हजार देने के साथ ही कई तरह से मदद कर रही है। इससे किसानों का भरोसा साय व मोदी सरकार पर बना हुआ है। कांग्रेस भ्रम फैलाकर किसानों के भरोसे का कम करने का कितना भी प्रयास करे यह भरोसा कम नहीं होने वाला है क्योंकि साय व मोदी सरकार में किसानों को जितना फायदा हो रहा है वह पहले की सरकारों में नहीं होता था।

महाकुंभ

# महफिल लूट ले गए आइआइटीयन बाबा अभयसिंह

मनोज कुमार अग्रवाल



महाकुंभ मेले के दौरान एक आइआइटीयन बाबा की कुंभ क्षेत्र में मौजूदगी ने करोड़ों लोगों में कौतूहल जगा दिया है। हजारों करोड़ रुपये खर्च वाले इस अद्वितीय विलक्षण अनुपम आयोजन में एक मलंग युवा आइआइटीयन बाबा मीडिया और यूट्यूबर्स के सामने क्या आए तमाम महफिल लूट ले गए। हालात यह है कि इस युवा बाबा ने बीते एक सप्ताह में मीडिया सोशल मीडिया पर अच्छे अच्छे सैलीबरीटीज को पीछे कर देश विदेश में चर्चा हासिल की है बीते एक हफ्ते में आइआइटीयन अभय सिंह को किसी भी बड़ी राजनीतिक हस्ती कुंभ में आने वाले अखाड़ा प्रमुखों चर्चित रहने वाले मठाधीशों अध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद, कवि कुमार विश्वास, बागेश्वर बाबा योग रामदेव सभी को पछाड़ कर मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सबसे अधिक सर्च हासिल की है। करोड़ों लोगों ने उनके बारे में जानकारी हासिल करने की कोशिश की है। अभय सिंह के तमाम विचार मीडिया पर वायरल हो रहे हैं इन पर गौर करने की जरूरत है। इस बाबा को सिरे से नकारा नहीं जा सकता है। कभी बचपन का नरेन्द्र भी ऐसा ही परिव्राजक थे जो बाद में रामकृष्ण गुरु के सानिध्य में आकर स्वामी विवेकानंद बने और दुनिया को अध्यात्म से जोड़ने में बड़ी भूमिका अदा कर गए। आइआइटीयन अभय सिंह भी एक मलंग परिव्राजक है उनके विचार में नवीनता है दुनिया को विज्ञान के साथ अध्यात्म के गठजोड़ का एक अनूठा नजरिया है वह आने वाले समय में दुनिया को कुछ नया नजरिया देने में समर्थ हो सकता है।

अभयसिंह जूना अखाड़े से जुड़े एक बाबा सोमेश्वर पुरी के साथ कुंभ पहुंचे हालांकि उन्होंने साफ कहा कि सोमेश्वर के साथ आए हैं लेकिन सोमेश्वर उनके गुरू नहीं है।यहां लगातार मीडिया की नजर में आते ही जबरदस्त तेजी से वायरल होने पर सोशल मीडिया पर ह्यआईआईटियन बाबाह्ल के नाम से मशहूर अभय सिंह को हर कोई खोजने और उनके बारे में जानने के लिए उतावला होने लगा हालत यह बन गयी कि तमाम राष्ट्रीय चैनल आइआइटीयन अभय सिंह पर रिपोर्ट्स की लंबी लंबी श्रृंखला चलाने लगे। इतना ही नहीं कई कई घंटे तक रिपोर्टरों को अभय सिंह से बात करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते देखा गया। इस का सबसे पहला तनाव अभय सिंह और महंत सोमेश्वर पुरी के बीच पैदा हुआ। अभय की मीडिया कवरेज से उनको साथ लाए महंत सोमेश्वर ही पचा नहीं सके और अभय पर कथित तौर पर अपमान करने के आरोप लगा। इसे मुद्दा बना कर साधुओं के सबसे बड़े संप्रदायों में से एक जूना अखाड़े से अभय को निष्कासित कर दिया गया है। आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियर रह चुके अभय सिंह महाकुंभ में एक महत्वपूर्ण आकर्षण बने हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जूना अखाड़े के मुख्य संरक्षक महंत हरि गिरि ने कहा, ह्यअभय सिंह का कृत्य गुरु-शिष्य परंपरा और संन्यास के सिद्धांतों के खिलाफ है। अपने गुरु का अनादर करना सनातन धर्म और अखाड़े के प्रति अनादर दिखाता है। जूना अखाड़े में अनुशासन का बहुत ज्यादा महत्व है और कोई भी इससे ऊपर नहीं है। न मैं और न ही सिंह जैसे कोई और।ह्न उन्होंने आगे कहा कि अखाड़े के हर सदस्य को सख्त अनुशासन का पालन करना चाहिए। हालांकि, सिंह ने अपने गुरु के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करके इन नियमों का उल्लंघन किया। हालांकि, अभय सिंह ने इन दावों को पूरी तरह से निराधार बताया है।आईआईटियन बाबा ने शुक्रवार को एक समाचार चैनल



से बात करते हुए उन्होंने अखाड़े के संतों पर उनके बारे में अफवाहें फैलाने का आरोप लगाया। इंस्टाग्राम पर तीन लाख से ज्यादा फॉलोअर्स वाले अभयसिंह ने कहा, उन्हें लगता है कि मैं मशहूर हो गया हूं और मैं उनके बारे में कुछ उजागर कर सकता हूं, इसलिए वे दावा कर रहे हैं कि मैं ध्यान के लिए चला गया हूं। वे लोग बकवास कर रहे हैं। महाकुंभ 2025 शुरू होने के साथ ही आईआईटियन बाबा सुर्खियों में छा गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आईआईटी वाले बाबा का असली नाम अभय सिंह है। उन्होंने आईआईटी मुंबई से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। इसके बाद कनाडा में 36 लाख रुपये के पैकेज वाली नौकरी बीच में छोड़ दी। फिर धर्म और संन्यास की राह पर चल पड़े। आईआईटियन बाबा अभय सिंह हरियाणा के रहने वाले हैं। इनके पिता कर्ण सिंह वकील हैं। हाल में उन्होंने एक वीडियो में भावुक होकर बेटे को घर वापस आने के लिए भी कहा। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में चर्चित'आईआईटीयन बाबा' (अभय सिंह) को जूना अखाड़े से निकालने का दावा किया गया उधर बाबा का दावा है कि उन्होंने बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और अध्यात्म के मार्ग पर चलने के लिए विज्ञान का रास्ता छोड़ दिया.मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभय सिंह पर आरोप है कि उन्होंने अपने गुरु महंत सोमेश्वर पुरी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया. इसके चलते उन्हें जूना अखाड़े के शिविर और उसके आसपास के क्षेत्रों में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया.जूना अखाड़े के सदस्यों का आरोप है कि अभय सिंह ने अपने गुरु महंत सोमेश्वर पुरी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया. जूना अखाड़े के एक सदस्य ने कहा, वह हमें बदनाम कर रहे थे. वह एक साधु नहीं, बल्कि एक आवारा व्यक्ति थे. अखाड़े ने यह भी साफ किया कि अभय सिंह किसी के शिष्य नहीं थे और अखाड़े से उनका कोई औपचारिक संबंध नहीं था.एक रिपोर्ट के मुताबिक, अभय सिंह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है. उन्होंने कहा कि जूना अखाड़े के संत उनसे ईर्ष्या करते हैं, क्योंकि उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है. बाबा ने कहा, वे मेरे खिलाफ अफवाहें फैला रहे हैं. उन्हें डर है कि मैं उनके बारे में कुछ उजागर कर सकता हूं.बाबा ने अखाड़े के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उन्हें बदनाम किया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि अखाड़े के संत उनसे ईर्ष्या कर रहे हैं, क्योंकि उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है. बाबा ने कहा, वे लोग बकवास कर रहे हैं. उन्हें डर है कि मैं उनके बारे में कुछ उजागर कर सकता हूं. सोशल मीडिया पर तीन लाख से अधिक फॉलोअर्स वाले अभय सिंह ने दावा किया कि वह गुप्त ध्यान के लिए गए थे.

न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में अभय सिंह ने अपने बचपन के संघर्षों और पारिवारिक समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि उनके माता-पिता के बीच अक्सर झगड़े होते थे, बचपन में हुए घरेलू हिंसा की घटनाओं ने मुझ पर बहुत गहरा असर डाला. उन्होंने बताया कि स्कूल के दिनों में मैं शाम 5 या 6 बजे घर आता था और उनके झगड़ों से बचने के लिए सीधे सो जाता था. मैं आधी रात को उठता था और जब सब कुछ शांत होता था तो अपना दरवाजा बंद करके मैं पढ़ाई करता था.

उन्होंने आगे बताया कि बचपन में अपने माता-पिता को लड़ते हुए देखकर उन्हें बेबसी महसूस होती थी. उन्होंने कहा कि बचपन में समझ नहीं पाता था कि क्या हो रहा है और कैसे इसपे रिएक्ट करें. शादी न करने के सवाल पर उन्होंने कहा, मैंने सोचा कि विवाह करके बचपन में जो लड़ाई-झगड़े देखे थे, उनका सामना क्यों करूं? अकेले रहना और शांतिपूर्ण जीवन जीना बेहतर है. इंजीनियर बाबा का कहना है कि विज्ञान और अध्यात्म एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं. बाबा के मुताबिक, विज्ञान व्यक्ति को भौतिक दुनिया को समझने में मदद करता है, लेकिन इसका गहन अध्ययन अंततः अध्यात्म की ओर ले जाता है.अभय सिंह के तमाम प्रकरण पर नजर डालें तो इतना साफ पता चलता है कि अभय सिंह सांसारिक जीवन से वैराग्य की ओर कदम बढ़ा चुका एक प्रतिभाशाली युवा जिज्ञासु है जो जीवन के सत्य की खोज में अध्यात्म की राह पर चल चुके हैं। आने वाले समय में अभय सिंह कोई बड़ी लकीर खींचने में कामयाब होंगे उनकी शैक्षिक योग्यता की इस कार्य में बड़ी भूमिका होगी।होनहार विरवान के होत है चिकने पात।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। कार्यक्षेत्र में आप किसी काम में आप बेवजह न उलझें। आपको किसी से पार्टनरशिप में कोई काम करने से बचना होगा। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपका किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। आपको अपने पिताजी से किसी मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। माता-पिता के आशीर्वाद से आप किसी नई प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। राजनीतिक लोगों के मित्रों की संख्या में इजाफा होगा। आप किसी से वाहन मांगकर न चलाएं, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना बनती दिख रही है। जल्दबाजी में आप परिवार में किसी सदस्य के करियर को लेकर कोई निर्णय ले सकते हैं। आपको अपने किसी परिजन की कोई बात बुरी लग सकती है। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको अपने परिवार में शांति बनाए रखने की आवश्यकता है। आपको अपने कामों में धैर्य और साहस से काम लेना होगा। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग खुलेंगे। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्या काफी हद तक दूर होंगी, लेकिन आपको अपनी सेहत के मामले में लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है। भाई-बहनों से यदि आप कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति के खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है। आप जीवनसाथी को कोई ज्वेलरी या गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई टेंशन थी, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलता दिख रहा है। परिवार में आपको कुछ व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आपकी इनकम बढ़ने से खुशी होगी। बिजनेस कर रहे लोगों को साझेदारी में कोई काम करने से बचना होगा। आप किसी वाद-विवाद को लेकर परेशान थे, तो वह भी दूर होगा। आप कोई जोखिम भरे काम में हाथ ना डालें। यदि आपकी कोई डील प्रॉपर्टी को लेकर अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है। आपको किसी काम को लेकर दूसरों पर डिपेंड नहीं होना है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपको अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद-विवाद की स्थिति खड़ी हो सकती हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम और सहयोग बना रहेगा। दोनों को एक दूसरे का साथ खूब पसंद आएगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी।

तुला- आज के दिन आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने व्यवसाय में कुछ नए उपकरणों को शामिल कर सकते हैं। आप किसी लेनदेन से संबंधित समस्या को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आज आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है। शौक की चीजों पर आप अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप खानपान पर पूरा ध्यान दें। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है। नौकरी में आप अपने कामों पर पूरा फोकस बनाएं रखें।

धनु- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। सरकारी क्षेत्रों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी दीर्घकालीन योजनाएं पहले से बेहतर रहेंगी। कोई सरकारी टेंडर आपको मिल सकता है। आप अपने बिजनेस को विदेशों तक ले जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। संतान का किसी मनचाहे कोर्स में एडमिशन हो सकता है। आप परिवार में आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको अपने पिताजी से पारिवारिक बिजनेस को लेकर बातचीत करने होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। कानूनी मामलों में अपना लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं, जो लोग नौकरी में अपने सहयोगियों से परेशान चल रहे हैं, वह किसी दूसरी जगह अप्लाई कर सकते हैं। आपके मनमौजी स्वभाव के कारण लोग आपसे परेशान रहेंगे। मित्रों के साथ कुछ समय आप पुरानी बातों को लेकर बातचीत करेंगे। सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। ससुराल पक्ष से आपको कोई धन संबंधित मदद मिलती दिख रही है। धर्म-कर्म के कार्यों में आप सोच समझकर हाथ बढ़ाएं। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को कहीं घुमाने लेकर जा सकते हैं। नौकरी में आपको प्रमोशन मिलने के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी, जिन पर आपको पूरा ध्यान देना होगा। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए अकस्मात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके सामने कुछ ऐसे खर्चे आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपके घर के कुछ काम यदि पेंडिंग थे, तो आप उन्हें भी आसानी से पूरा कर सकेंगे। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान के विवाह में यदि कुछ देरी हो रही थी, तो वह भी दूर होगी।

## सपनों की सभा: वादों का मेला

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



गाँव के चौराहे पर एक खास आयोजन होने जा रहा था—सपनों की सभा। आयोजकों ने वादे किए थे कि इस सभा में हर आदमी को उसके सपनों का पासपोर्ट दिया जाएगा, ताकि वे अपनी इच्छाओं की गहराइयों में गोताखोरी कर सकें। और कौन नहीं जाना चाहता था सपनों की गहराइयों में? सभा की तैयारी जोरों पर थी। गाँव के प्रधान, श्रीमती पंकज कुमार, अपने शानदार कुर्ते में, अपने उन्नति के लिए साहसिक कदम की कहानी सुनाने के लिए तैयार थे। उनके साथ थे, अनुभवी नेता महोदय लल्लू जी, जो हर चुनाव में बदलाव का नारा लगाते थे लेकिन परिवर्तन की परिभाषा से हमेशा अज्ञात रहते थे। आपका सपना क्या है? पंकज जी ने मंच पर आते ही कहा। हर एक व्यक्ति के पास सपनों की एक अनमोल गिनती है! उनका मुखड़ा चमक रहा था, जैसे कि वह खुद ही स्वप्निल दुनिया के राजा हों। उन्होंने मंच पर तले हुए समोसे और मीठी चाय का थाल रखकर कहा, हम यहाँ केवल सपनों की चर्चा करने नहीं आए हैं, बल्कि उन सपनों को साकार करने का इरादा भी लेकर आए हैं! लोग ताली बजाने लगे, जैसे किसी बड़े पुरस्कार का ऐलान हुआ हो। इसी बीच, गली के नुक्कड़ पर खड़ा मुहम्मद बिन तुर्की, जो हमेशा किसी नई योजना के इंतजार में रहता था, जोर से चिल्लाया, सपनों की तिजोरी में हम सबकी जगह है, बस उसे खोलने की जरूरत है! हाँ, लेकिन चाबी किसके पास है? किसी ने चुटकी ली। क्या पता, शायद वो चाबी भी हमारे सपनों में ही हो! सभा में आने वाले हर व्यक्ति ने अपने सपनों का पासपोर्ट बनवाने की होड़ लगाई। पहले तो बहुत से लोग यह सोच रहे थे कि पासपोर्ट से क्या होगा, लेकिन फिर धीरे-धीरे इस बात का प्रचार करने लगे कि पासपोर्ट मिलने के बाद वह अपने सपनों को विदेश भेज सकेंगे। जैसे ही यह सूचना फैली, ग्रामीण महिलाओं ने काढ़े और कसे हुए कपड़े पहनकर सभा में भाग लेने की योजना बनाई। इस बीच, लल्लू जी ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देते हुए कहा, हमारे गाँव में केवल पानी की समस्या नहीं है, बल्कि सपनों की भी बहुत कमी है। इस सभा के माध्यम से हम सभी के सपनों को तराशेंगे! उन्होंने अपनी बात को और मजबूत करने के लिए दो बार अपना चश्मा ठीक किया और बड़ी गंभीरता से बोले, जैसे हम रोटी में नमक डालते हैं, वैसे ही सपनों में मेहनत डालनी चाहिए! सभा में बैठे लोगों ने लल्लू जी की बातों को सुनकर सिर हिलाना शुरू किया, जैसे सभी ने किसी महासत्ता की घोषणा सुन ली हो। कुछ लोग तो अपनी आँखों में आंसू भरकर विचारने लगे कि आखिर उन्होंने अब तक क्या किया है। जब कार्यक्रम के अंत में पासपोर्ट बांटने का समय आया, तो पंकज जी ने घोषणा की, हर एक व्यक्ति को एक पासपोर्ट दिया जाएगा, लेकिन उसके लिए आपको एक शर्त पूरी करनी होगी—आपको अपने सपनों की एक सुनहरी तस्वीर बनानी होगी! लोग सोच में पड़ गए। किसी ने कहा, लेकिन हम सपनों को कैसे तस्वीर में बुनें?सपने बस बातें हैं, उन्हें साकार करने का कोई तरीका नहीं! किसी ने चुपचाप कहा। सभा के अंत में, जब सब लोग अपने-अपने घर लौटने लगे, तो लल्लू जी ने कहा, याद रखें, सपने कभी सच नहीं होते, वे बस विचारों के जैसे हैं, हवा में तैरते हुए। हमें बस यथार्थ के साथ जीना चाहिए। सभी ने सहमति में सिर हिलाया, जैसे किसी औसत भारतीय नागरिक की आदत हो। लेकिन जब घर पहुंचे, तो मुहम्मद बिन तुर्की ने फिर से चुटकी ली, क्या हम इस बार सच में सपनों का पासपोर्ट पा सके? और इस प्रकार, गाँव में सपनों की सभा समाप्त हुई। कोई पासपोर्ट नहीं मिला, लेकिन हंसी और वादों का अंबार लग गया। असली सपना तो यही था—वादा करना, और फिर अगले चुनाव का इंतजार करना। गाँव के लोग अपनी पुरानी आदतों में लौट गए, जैसे कि कुछ हुआ ही नहीं। और सपना फिर से हवा में उड़ गया, एक नई सभा की तलाश में।




## डॉक्टर बनवाते ब्रांड, 38 रुपए की दवा की एमआरपी 1200 रुपए

# डॉक्टर और कंपनियों का कपट जाल : दवाओं की कीमत में उछाल

प्रियंका सौरभ



नियमों में कहा गया है कि केवल प्रिस्क्रिप्शन वाली दवा और ओवर-द-काउंटर दवा के प्रकार जो केवल फार्मेसियों में बेचे जा सकते हैं, उन्हें सभी फार्मेसियों में बिल्कुल एक ही कीमत पर बेचा जाना चाहिए। इसलिए, की दवाओं की कीमतें फार्मेसियों के बीच उतार-चढ़ाव नहीं करती हैं, जिसका अर्थ है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपना प्रिस्क्रिप्शन भरने के लिए किस फामेर्सी को चुनते हैं। यही नहीं दवा बनाने वाली कंपनियों पर ये नियम सख्ती से लागू किये जाए कि वह हर साल्ट का मूल्य भारत सरकार के नियमानुसार एक जैसा निर्धारित करे चाहे ब्रांड कोई भी हो। मूल्य ब्रांड पर न होकर साल्ट पर हो ताकि डॉक्टरों और कंपनियों के काले धंधे पर लगाम लगे और मरीज को 300 रुपए का इंजेक्शन बारह हजार में न खरीदना पड़े। हर्बल दवाइयों और ओवर-द-काउंटर दवाइयों के प्रकार जो फामेर्सी के अलावा अन्य दुकानों, जैसे सुपरमार्केट और कियोस्क में बेची जा सकती हैं, उनकी की कीमतों में बदलाव की अनुमति सरकार से हो। ये कीमतें पूरी तरह से स्टोर द्वारा निर्धारित की जाती हैं, इसलिए आपको एक स्टोर से दूसरे स्टोर में कीमतों में अंतर का अनुभव होता है।

देश में दवाओं की कीमत सरकार नहीं बल्कि डॉक्टर खुद तय कर रहे हैं। डॉक्टर अपने मुताबिक ब्रांड बनवाते हैं। कीमत फिक्स करते हैं। 38 रुपए की दवा की एमआरपी 1200 रुपए कर दी जा रही है। यह महज एक एग्जाम्पल है, ऐसा तमाम दवाओं में किया जा रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं, 20 साल में 40 हजार करोड़ से दवा का कारोबार 2 लाख करोड़ के पास पहुँच गया है। इसका बड़ा कारण वह एमआरपी में बड़े खेल को मानते हैं। 2005 से 2009 तक 50 प्रतिशत एमआरपी पर दवाएँ बिक रही थी। अगर 1200 रुपए की एमआरपी है तो डीलर को 600 रुपए में दी जाती थी। अब डॉक्टर अपने हिसाब से ही एमआरपी तय करवा रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार डॉक्टर दवाओं के रेट तय नहीं करते। दवाओं के रेट, दवा बनाने वाली कंपनियाँ तय करती हैं। दवाओं के रेट तय करने में कई कारक शामिल होते हैं। दवाओं पर व्यापारियों को अच्छा मुनाफा होता है।

ब्रांडेड दवाओं पर रिटेलर ज्यादा से ज्यादा 20-25 प्रतिशत तक की छूट देते हैं। जेनेरिक दवाओं पर 50-70 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। जेनेरिक दवाएँ सस्ती होती हैं क्योंकि उन्हें महंगी जांचों से नहीं गुजरना पड़ता। दवा खरीदते समय, दवा के रैपर पर क्यूआर कोड होना चाहिए. दवा के रैपर पर क्यूआर कोड से दवा का नाम, ब्रैंड का नाम, मैन्युफैक्चरर की जानकारी, मैन्युफैक्चरिंग की तारीख और एक्सपायरी की तारीख मिलती है। दवाओं या उनके अवयवों के बारे में जानकारी के लिए, डॉक्टर या फार्मासिस्ट से पूछा जा सकता है। मगर जो दवाएँ सरकार के कंट्रोल से बाहर, उनमें मनमानी दवा की क्वालिटी और एमआरपी की निगरानी के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य



मंत्रालय के अधीन नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइस अथॉरिटी काम करती है। सरकार ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के माध्यम से दवा की एमआरपी पर नियंत्रण रखती है। आवश्यक और जीवन रक्षक दवाओं के लिए अधिकतम मूल्य निर्धारित करने के साथ डीपीसीओ की जिम्मेदारी मरीजों के लिए दवाएँ सस्ती और सुलभ कराने की भी है।

सरकार जिन दवा को डीपीसीओ के अंडर में लाती है, उनकी एमआरपी तो कंट्रोल में होती है, लेकिन सैकड़ों फॉमूर्ले की दवाएँ आज भी सरकार के कंट्रोल से बाहर हैं, जिसकी एमआर पी में मनमानी चल रही है। दवाओं की कीमतों में इजाफे को लेकर सरकार की गाइडलाइन है कि एक साल में 10 प्रतिशत ही एमआरपी बढ़ाई जा सकती है। लेकिन कंपनियाँ प्रोडक्ट्स का नाम बदलकर हर साल डॉक्टरों की डिमांड वाली एमआरपी बना रही हैं। कंपनियाँ अलग डिवीजन और ब्रांड बदलकर एमआरपी अपने हिसाब से फिक्स कर देती हैं। फार्मा फैक्ट्रियों से ही देश में दवाएँ सप्लाई की जाती हैं। कंपनियों और डॉक्टरों के इस खेल में कंपनियाँ अपने मुनाफे के लिए नियमों को ताक पर रखकर डॉक्टरों के हिसाब से न सिर्फ.दवाएँ बनाने को तैयार हो जाती है, बल्कि मनमानी कीमत भी तय कर देती है। यही नहीं इन कंपनियों से मोबाइल पर ही डील हो जाती है। तभी तो देश भर में डॉक्टर और हॉस्पिटल खुद अपनी दवाएँ बनवा ही रहे हैं और मनमाफिक मूल्य पर बेच रहे है। डॉक्टर और हॉस्पिटल तो खुद अपनी दवाएँ बनवा रहे हैं और माइक्रो पायलट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे ही एक्सपायरी निर्धारित होती है। अगर दवा में माइक्रो पायलट की क्वालिटी थोड़ी डाउन कर दी जाए तो मार्जिन बढ़ जाएगा, लेकिन एक्सपायरी का समय कम हो जाएगा। इसके पीछे कारण यह कि मटेरियल और एक्सपायरी को लेकर सरकार की कोई गाइडलाइन नहीं है। एक्सपायरी की डेट भी कंपनियाँ तय करती हैं। सरकार के कंट्रोल में जो दवाएँ हैं, इसे लेकर थोड़ी सख्ती है। बाकी मेडिसिन पर कोई खास निगरानी नहीं है।

ये एक गंभीर विषय है कि दवा का निर्माण, आयात या बिक्री करने वाली कंपनियाँ ही दवा की कीमतें निर्धारित करती हैं। नियमों में कहा गया है कि केवल प्रिस्क्रिप्शन वाली दवा और ओवर-द-काउंटर दवा के प्रकार जो केवल फार्मेसियों में बेचे जा सकते हैं, उन्हें सभी फार्मेसियों में बिल्कुल एक ही कीमत पर बेचा जाना चाहिए। इसलिए, की दवाओं की कीमतें फार्मेसियों के बीच उतार-चढ़ाव नहीं करती हैं, जिसका अर्थ है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपना प्रिस्क्रिप्शन भरने के लिए किस फामेर्सी को चुनते हैं। यही नहीं दवा बनाने वाली कंपनियों पर ये नियम सख्ती से लागू किये जाए कि वह हर साल्ट का मूल्य भारत सरकार के नियमानुसार एक जैसा निर्धारित करे चाहे ब्रांड कोई भी हो। मूल्य ब्रांड पर न होकर साल्ट पर हो ताकि डॉक्टरों और कंपनियों के काले धंधे पर लगाम लगे और मरीज को 300 रुपए का इंजेक्शन बारह हजार में न खरीदना पड़े। हर्बल दवाइयों और ओवर-द-काउंटर दवाइयों के प्रकार जो फामेर्सी के अलावा अन्य दुकानों, जैसे सुपरमार्केट और कियोस्क में बेची जा सकती हैं, उनकी की कीमतों में बदलाव की अनुमति सरकार से हो। ये कीमतें पूरी तरह से स्टोर द्वारा निर्धारित की जाती हैं, इसलिए आपको एक स्टोर से दूसरे स्टोर में कीमतों में अंतर का अनुभव होता है।

# छत्तीसगढ़ के विकास के लिए ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों का समन्वित विकास जरूरी: सीएम

## क्लीन टायलेट कैम्पेन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 14 नगरीय निकाय किए गए सम्मानित

**रायपुर, 21 जनवरी।** मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ विकसित राज्य बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। हमारी सरकार को अभी तेरह महीने ही हुए हैं। इस बीच हमने सुशासन के लिए, संवेदनशीलता के साथ, जनसेवा के अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के साथ ही हम लोगों ने सभी वर्गों के विकास के साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया है। इससे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना का विकास, स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि हुई है। हमारा पहला साल सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के विकास के लिए समर्पित रहा। प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए। सभी वर्गों के



कल्याण के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। हमारी सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित 'नगरीय विकास के सोपान' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के मुखिया प्रधानमंत्री से लेकर गांव के सरपंच तक विकास की सोच रखने वाले जनप्रतिनिधि होंगे तो सबका साथ, सबका विकास मूलमंत्र के साथ छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास होकर ही रहेगा। उन्होंने कहा कि गांव और नगरीय क्षेत्र का समन्वित विकास होना चाहिए, इसके लिए मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता आवश्यक है। नगरीय निकायों में अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में लम्बे समय से मांग की जा रही थी। हमने संवेदनशीलता के साथ विचार कर इसके लिए नए पद भी स्वीकृत किए हैं। नगरीय विकास के सोपान कार्यक्रम में हम लोग आज 103 पदों पर अनुकंपा नियुक्ति का आदेश पत्र अभी वितरण किए हैं। हमारा प्रयास है कि प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़े और ज्यादा से ज्यादा युवा आत्मनिर्भर हों। हमारी सरकार ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और विभिन्न नगरीय निकायों में अनुकम्पा नियुक्ति के लिए 353 पदों की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न नगरीय निकायों में 155 करोड़ 38 लाख रुपए के 813 कार्यों का शिलान्यास और 15 करोड़ 25 लाख रुपए के 70 कार्यों का लोकार्पण अभी यहां पर हुआ है। 6 नगरीय निकायों तखतपुर, रतनपुर, भानुप्रतापुर, छुरिया, मल्हार ओर खोंगापानी में अमृत मिशन-2.0 के तहत 270 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले जल प्रदाय योजनाओं का शिलान्यास भी हम लोगों ने यहां पर किया है। इन नगरीय निकायों में 20 हजार 511 निजी नल कनेक्शन दिए जाएंगे।

# जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन तीन चरणों में

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 कराये जाने हेतु समय-अनुसूची जारी की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के जारी निर्देशानुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 22 जनवरी से 15 फरवरी के मध्य सम्पन्न होगा तथा मतदान 11 फरवरी को कराया जाएगा। मतगणना 15 फरवरी 2025 को होगा। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की प्रक्रिया 27 जनवरी से 24 फरवरी के बीच सम्पन्न होगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान तीन चरणों, यानी 17 फरवरी, 20 एवं 23 फरवरी को सम्पन्न कराया जाएगा।

### नगरीय निकाय आम निर्वाचन की समय-अनुसूची

जारी निर्देशानुसार 22 जनवरी बुधवार को निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन एवं स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र 22 जनवरी बुधवार को रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्राप्त किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 28 जनवरी मंगलवार तथा 29 जनवरी बुधवार को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार 31 जनवरी को दोपहर 03 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापस ली जा सकेगी। इसी दिन यानी 31 जनवरी को रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। नगरीय निकाय में मतदान 11 फरवरी मंगलवार एवं मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 15 फरवरी शनिवार को सम्पन्न होगा।

इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत तीन चरणों में 27 जनवरी सोमवार को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन एवं स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जाएगा। इसी दिन रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा।

नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 03 फरवरी सोमवार तथा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 04 फरवरी मंगलवार को रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा किया जाएगा। इसी तरह अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 06 फरवरी गुरूवार निर्धारित की गई है। साथ ही निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन इसी दिन रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा किया जाएगा। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन तीन चरणों में सम्पन्न होगा। प्रथम चरण में 17 फरवरी को कांकेर और चारामा, द्वितीय चरण में 20 फरवरी को भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल तथा तृतीय चरण में 23 फरवरी को अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा में सम्पन्न होगा।

### नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2024-25 के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) से संबंधित कार्यों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री बी.एन. भोयर को नोडल अधिकारी तथा उप अभियंता श्री अविनाश त्रिपाठी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# अतिसंवेदनशील क्षेत्र में केरिपुब ने खेलों का आयोजन कर उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 21 जनवरी।** जिले के रतिकान्त बेहेरा कमाण्डेंट द्वितीय वाहिनी के.रि.पु.बल के निर्देशन व मार्गदर्शन में घोर नक्सल प्रभावित गाँव पाता दुलेड़ व आसपास के इलाकों में युवाओं के बीच खेल को प्रोत्साहित करने के क्रम में वॉलीबाल व क्रिकेट मैच का आयोजन कराया गया। आयोजन के दौरान विभिन्न खेलों में युवाओं का आपस में प्रतिस्पर्धा कराकर उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया गया ताकि वो जिला मण्डल एवं राज्य स्तर पर खेल सकें एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सके। इस अवसर पर अलग-अलग खिलाड़ियों का चयन किया गया। रतिकान्त बेहेरा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए



कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। हम सभी को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रूचि लेना चाहिए जिससे कि हम अपने जिले का नाम रोशन कर सके। महादेय ने खिलाड़ियों को द्वितीय वाहिनी के तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और बताया कि खेल से संबंधित सामानों का वितरण जल्द ही किया जाएगा। किसी भी प्रकार की मदद करने के लिए द्वितीय वाहिनी सदैव तत्पर है। घोर नक्सल प्रभावित सुदुर गाँवो के बच्चो को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिससे कि अच्छे व प्रतिभावान खिलाड़ी बनकर आगे आए व प्रदेश का नाम रोशन करे। मुर्कराजकोण्डा कैम्प में भी इस आयोजन को कराया गया ताकि खिलाड़ियों का चयन किया जा सके और आगे जिला व राज्य स्तर पर खेलने को भेजा जा सके। अन्त में कमाण्डेंट महोदय ने सभी युवा खिलाड़ियों को शुभकामना दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने हेतु धन्यवाद दिया।

### एंबुलेंस का विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ

**दंतेवाड़ा,21 जनवरी।** जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) मद से प्राप्त एंबुलेंस का शुभारंभ आज कलेक्ट्रेट परिसर, दंतेवाड़ा में विधायक श्री चैतराम अटामी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जिला चिकित्सालय को दो एंबुलेंस प्रदान की गई हैं, जिससे जिलेवासियों को त्वरित चिकित्सा सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि यह एंबुलेंस दूर-दराज के मरीजों के लिए वरदान साबित होगी और समय पर उपचार हेतु उन्हें स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने में मददगार होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## यातायात पुलिस ने अभिव्यक्ति एप के बारे में लोगों को किया जागरूक

**राजनांदगांव 21 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) श्री मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में दिनांक 20.01.2025 को ाजनांदगांव मे उपस्थित स्टूडेंट्स को राजनांदगांव सायबर सेल से सउनि. श्री सुमन कर्ष द्वारा सोशल मीडिया से होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि व्हाट्सएप, टिवीटर, फेसबुक, इन्सटाग्राम, टेलीग्राम आदि में प्राईवेसी सेटिंग, टू-स्टेप वेरिफिकेशन ऑन करे, शेयर बाजार में निवेश के नाम पर फेक ट्रेडिंग एप के नाम पर ठगी से रहे सावधान। सेक्सटार्शन, फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर ठगी करने एवं एपीके फाईल लिंक को ओपन न करने आदि अपराधों के बारे में रोकथाम हेतु जागरूक कर सायबर पोर्टल या सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 में ऑनलाईन शिकायत दर्ज करने के अलावा अपने निकटतम पुलिस थाना या सायबर सेल जाकर रिपोर्ट करने हेतु कहा गया। यातायात शाखा से सउनि. कमलकिशोर श्रीवास्तव द्वारा यातायात नियमों के बारे में विस्तार से चर्चा कर, सड़क दुर्घटनाएं की जानकारी देते कहा कि दो पहिए वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी जिंदगी से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करें। अपने घर और आसपास के लोगों को भी यातायात के नियमों का पालन करने को लेकर प्रेरित करें।

## गणतंत्र दिवस कार्यक्रम स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 जनवरी।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन 26 जनवरी को नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में किया जाएगा। समारोह की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज अपराह्न तीन बजे निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को



आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के अनुरूप सभी प्रकार की व्यवस्थाएं दो दिवस पहले पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं आयोजन के नोडल अधिकारी श्री एस. अहिरवार सहित अधिकारीगण समारोह स्थल पर मौजूद रहे।

## पूर्व अनुमानित लक्ष्य 20 हजार से कहीं अधिक पहुंच जायेगा आंकड़ा

# वाहनों का महाकुंभ बना रायपुर का ऑटो एक्सपो

**रायपुर 21 जनवरी।** ऑटो एक्सपो में जो औसतन प्रति दिन वाहनों की बिक्री व बुकिंग का ग्राफ बना हुआ है उसे देखकर तो लग रहा है, एक माह की एक्सपो अवधि के दौरान पूर्वअनुमानित लक्ष्य 20 हजार से कहीं अधिक 25 से 30 हजार तक का आंकड़ा छू जाएं तो कोई अतिश्योक्ति नहीं। ऑटो एक्सपो का यह आठवां एडिशन हैं और इससे पहले के किसी भी एक्सपो में कस्टमर का इतना जबर्दस्त रूझान देखने को नहीं मिला था। संडे को पहुंचे लोग इसे वाहनों का महाकुंभ बता रहे थे। सभी प्रकार के व्हीकल्स की खरीदी पर आजीवन रोड टैक्स पर 50 फीसदी का छूट तो दिया जा रहा है, डीलर्स कंपनियां अपनी ओर से भी अलग से आफर कर रही हैं जिससे एक बड़ी बचत का फायदा लेने से लग रहा है कस्टमर चूकना नहीं चाह रहे हैं। वाहन खरीदी का जो भी परपस रहा हो वो सभी



वे एक्सपो में तब्दील कर रहे हैं। तभी तो संडे को 1055 वाहनों की बुकिंग हुई और 477 वाहन बिक गए। 23 जनवरी से नए माडलों की लांचिंग भी शुरु हो जायेंगी.कंपनी से वाहन रवाना हो चुके हैं।

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन,उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया बताते हैं कि कोई भी सेग्मेंट ऐसा नहीं होगा जहां जोरदार बिक्री व बुकिंग न हो रही होगी। बता दें कि दिल्ली में भी ऑटो एक्सपो को जबर्दस्त रिस्पांश मिल रहा है,वहां रोजाना नए वाहनो की लांचिंग हो रही है जो आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं, वहां लांच होने के बाद नए मॉडल रायपुर आटो एक्सपो में भी नजर आएंगे लेकिन 23 जनवरी से। साइंस कालेज मैदान में ही अब और ज्यादा विस्तारित जगह पर एक्सपो का फैलाव कर रहे हैं ताकि सुविधाजनक ढंग से वाहनों की डिस्प्ले हो सके, टेस्ट ड्राइव की सुविधा मिल सके और लोगों को आने जाने में भी सहुलियत मिले। यह भी आज कल में पूरा हो जायेगा। चूंकि चारो सेग्मेंट में व्हीकल्स व स्पेयर पार्ट्स के 200 स्टॉल है शामिल है इसलिए बड़ा स्पेश भी उन्हे चाहिए। पिछले कुछ सालों से ई बाइक व ई कार का चलन भी लोगों में बढ़ा है, ई बाइक और ई कार की भी अच्छी खासी बिक्री यहां पर हो रही है। इसके निर्माता सभी कंपनियों के स्थानीय डीलरों ने बताया कि मनपसंद कलर व डिजाइन में उपलब्ध होने से शो रूम की जगह एक्सपो से खरीदी कर रहे हैं। हालांकि इसमें पहले से ही सब्सिडी व अन्य मानक तय है इसलिए वे उसी हिसाब से बेंचे जा रहे हैं। कस्टमर को किसी प्रकार संशय नहीं होना चाहिए, राडा ने स्पष्ट किया है कि चुनाव आचार संहिता के पहले ही एक्सपो का आयोजन प्रारंभ हो चुका है।

## एक नजर

### विस्फोटक सामग्री बनाने की सुरंग सुकमा पुलिस ने ढूंढ निकाली

**सुकमा 21 जनवरी।** बीजापुर सीमाक्षेत्र पर हुए मुठभेड़ पश्चात जवानों को इलाके की छानबीन करने के दौरान मिली बड़ी कामयाबी। सुकमा डीआरजी के जवानों के हाथ लगा नक्सलियों का सुरंग, सुकमा बीजापुर सीमाक्षेत्र में बसे तुमरेल ओर तलपेरू नदी के बीच स्रहद्द सुकमा के जवानों ने बरामद किया नक्सलीयो का डंप समान सुरंग बना कर डंप कर रखा था नक्सलियों ने हथियार और विस्फोटक बनाने का समान, नई तकनीक अपना कर जवानों को नुकसान पहुंचने की फिराक में थे नक्सली, बम बनाने में कांच के बोतलों का इस्तेमाल कर रहे नक्सली, सुरंग से हथियार बनाने की मशीन,बिजली वायर, बॉटल बम और भारी मात्रा में नक्सल डंप सामग्री की बरामद।

### सक्षम कोचिंग के लिए अनुभवी व योग्य शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित

**सुकमा 21 जनवरी।** जिला प्रशासन सुकमा के द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केन्द्र सुकमा के अंतर्गत ग्रामीण आदिवासी युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने के उद्देश्य से प्रतियोगी परीक्षा पी.एस.सी., व्यापम, एस.एस.सी., बैंकिंग की तैयारी कराने के लिए अनुभवी व योग्य शिक्षकों का भर्ती किया जाना जाएगा। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप तया नियम-शर्तें सुकमा जिले के वेबसाइट एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सुकमा के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। अतः इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों एवं अर्हता के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 05 फरवरी तक बंद लिफाफे में पंजीकृत स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक से जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

### आदर्श आचरण संहिता लागू

**दंतेवाड़ा, 21 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2024-25 की घोषणा की जा चुकी है। घोषणा के तिथि से आदर्श आचरण संहिता लागू हो जाती है। जिसके संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निर्देश जारी किया गया है। जिले में प्रतिबंध लागू कर दिया गया। साथ ही जिला दंतेवाड़ा में बिना अनुमति के रैली, सभा, जुलूस निकालने एवं लाउडस्पीकर बजाने पर पाबंदी लगायी गयी है और जिले के समस्त अधिकारी, कर्मचारी को आदर्श आचरण संहिता का पालन कराने के संबंध में आदेश जारी किया गया है। समस्त अधिकारी, कर्मचारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बिना अवकाश, मुख्यालय नहीं छोड़ सकेगें। इसके अलावा जिले के समस्त विश्रामगृह को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के आधिपत्य में लेने के संबंध में निर्देशित किया गया है। जिले में आदर्श आचरण संहिता का पालन करने एवं संपत्ति विरूपण के तहत कार्यवाही किये जाने के संबंध में सभी अधिकारी, कर्मचारियों को आदेशित किया गया है। साथ ही जिले के समस्त कार्यालयों के शासकीय वाहनों का दुरूपयोग नहीं करने, जनप्रतिनिधियों को प्रदाय शासकीय वाहनों को सत्कार अधिकारी अपने आधिपत्य में लेने, लोकसभा निर्वाचन के दौरान जिले में निर्वाचन की घोषणा उपरांत नये कार्य स्वीकृत नहीं करने के भी आदेश जारी कर दिये गये है। अतएव निर्वाचन की घोषणा की दिनांक परिणाम घोषित होने तक शासकीय कार्यालयों में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों फोटोग्राफ्स एवं राजनैतिक दलों से संबंधितों की फाट फोटोग्राफ्स हटाए जाने।

### भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ

**दंतेवाड़ा, 21 जनवरी ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सोमवार को न्यू सर्किट हाउस रायपुर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ किया। साथ ही उक्त योजना अंतर्गत हितग्राहियों को दस-दस हजार रुपए सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने इस योजना अंतर्गत प्रदेश में लाभान्वित होने वाले 05 लाख 62 हजार 112 हितग्राहियों को बधाई दी और गांव, गरीब और किसानों के हितों के लिए कटिबद्धता के साथ पहल करने पर बल देते हुए कहा कि हमारी सरकार अपने वादों को लगातार पूरे कर रही है। इसी क्रम में भूमिहीन कृषि मजदूरों को सहायता प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे अवगत करवाते हुए कहा कि सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार कर रही है। वर्चुअल कार्यक्रम में विधायक गणों सहित प्रभारी मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, राजस्व सचिव शहला निगार तथा राज्य शासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में विधायक श्री चैतराम अटामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बैगापारा वार्ड से शकूर चौहान की प्रबल दावेदारी

**राजनंदगांव 21 जनवरी।** शहर के लखोली क्षेत्र के आधा दर्जन वार्ड में वार्ड क्रमांक 33 बैगा पारा लखोली में पार्षद पद के लिए शकूर चौहान सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। श्री चौहान ने 25 वर्षों तक पार्टी और वार्ड की सेवा करते हुए अब तक धैर्य बनाए रखा है। इस बार उन्होंने पार्षद पद के लिए अपने प्रबल दावेदारी ठोक दी है। वार्ड के बहुत से लोग उन्हें समर्थन दे रहे हैं। इससे ऐसा लगता है कि पार्टी शकूर चौहान के नाम को ही फाइनल करेगी। वही श्री चौहान का कहना है कि पार्टी जैसा आदेश करें वे मानने को तैयार हैं अगर पार्टी मुझे टिकट देती है तो यह मेरे लिए विशेष सौभाग्य की बात है नहीं तो पार्टी की नहीं तो वार्ड वासियों की सेवा करना मेरा फर्ज ही है। बात करें शकुर चौहान कि तो पिछले 25 वर्षो से पूरी निष्ठा एवं सेवा भावना के साथ संगठन के विभिन्न दायित्वों का पालन करते आ रहे हैं।



## समाचार संक्षेप

### जिले की एक नगरपालिका और चार नगर पंचायतों के 81 वार्डों में मतदान 11 फरवरी को

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 जनवरी।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके तहत जिले की नगरपालिका परिषद कांकेर और नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजूर के कुल 81 वार्डों में चुनाव सम्पन्न होगा, इसके लिए कुल 47 हजार 179 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिनमें 22 हजार 358 पुरूष मतदाता और 24 हजार 813 महिला मतदाता शामिल होंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन ईव्हीएम मशीन के माध्यम से सम्पन्न होंगे तथा इन मशीनों की एफएलसी (प्रथम स्तरीय जांच) पूर्ण हो चुकी है। ईव्हीएम की एफएलसी के उपरांत कंट्रोल यूनिट की संख्या 156 तथा बैलेट यूनिट की संख्या 315 है, जो कि पर्याप्त संख्या में है। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आबंटित ईव्हीएम मशीन बहुपद एवं बहुस्थान (मल्टी पोस्ट) विकल्प की हैं। स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका परिषद कांकेर के 21 वार्डों में 21 हजार 360 मतदाता सम्मिलित हैं, जिनमें 09 हजार 952 पुरूष और 11 हजार 408 महिला मतदाता अपने मताधिकार को प्रयोग करेंगे। इसी तरह नगर पंचायत चारामा के 15 वार्डों में 07 हजार 442, भानुप्रतापपुर में 06 हजार 143, अंतागढ़ में 04 हजार 847 तथा नगर पंचायत पखांजूर के 15 वार्डों में 07 हजार 387 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नगर पंचायत पखांजूर में 08 अन्य मतदाता (थर्ड जेंडर) भी सम्मिलित हैं। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत जिले की कुल 454 ग्राम पंचायतों में 05 लाख 17 हजार 889 मतदाताओं के द्वारा मतदान किया जाएगा। इन ग्राम पंचायतों में कुल 02 लाख 53 हजार 317 पुरूष मतदाता और 02 लाख 64 हजार 571 महिला मतदाता शामिल हैं। इनमें जनपद पंचायत कांकेर की 64 ग्राम पंचायतों में 76 हजार 25 मतदाता, जनपद पंचायत चारामा की 64 ग्राम पंचायतों में 77 हजार 471 मतदाता, नरहरपुर की 71 पंचायतों में 83 हजार 607, भानुप्रतापपुर की 52 पंचायतों में 66 हजार 888, दुर्गूकोंदल की 44 पंचायतों में 47 हजार 335, अंतागढ़ की 56 ग्राम पंचायतों में 48 हजार 326 तथा जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा की 103 ग्राम पंचायतों में 01 लाख 18 हजार 237 मतदाताओं के द्वारा तीन अलग-अलग चरणों में मतदान किया जाएगा।

### कलेक्टर ने नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी दी

**दंतेवाड़ा, 21 जनवरी ।** राज्य निर्वाचन आयोग, द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज प्रेस वार्ता ली गयी और जिले में चल रही निर्वाचन गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। जिसमें जिले में कुल जनसंख्या (2024 का अनुमानित) 326274 (महिला-165468, पुरुष 160806, जिले में निर्वाचकों की संख्या 192660 (महिला-103026, पुरुष-89633, अन्य-01) (अंतिम प्रकाशन 18.01.2025 के अनुसार) है। इसके अनुसार नगर पालिका दंतेवाड़ा पुरुष 5093 महिला (5263) 10356, नगरपालिका बड़े बचेली पुरुष (6309)महिला (6821) 13130, नगरपालिका किरन्दुल पुरुष (6431) महिला (6856) 13287, नगर पंचायत गीदम पुरुष (3095) महिला (3432) 6528, नगर पंचायत बारसूर पुरुष (2005) महिला (2413) 4418 है। कुल मतदान केन्द्र 414 (ग्रामीण-330, शहरी-84) शहरी 84 मतदान केन्द्र सामान्य मतदान केन्द्र है। आरक्षण पद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा अ.ज.जा. (महिला), नगर पालिका परिषद बड़े बचेली अ.पि.वर्ग (मुक्त), नगर पालिका परिषद किरन्दुल अनारक्षित (महिला), नगर पंचायत गीदम अनारक्षित (मुक्त),नगर पंचायत बारसूर अ.ज.जा. (मुक्त) है। शेष पदों में आरक्षण की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इसी प्रकार जनपद पंचायत दन्तेवाडा पुरुष (19225) महिला (23212) जनपद पंचायत गीदम पुरुष (21342) महिला (24845) जनपद पंचायत कुआकोंडा पुरुष (13749) महिला (15620) जनपद पंचायत कटेकल्याण पुरुष (12384) महिला (14564) कुल मतदान केन्द्र 414 (ग्रामीण 330, शहरी-84) ग्रामीण 330 मतदान केन्द्रों में संवेदनशील 115, अति संवेदनशील 98, सामान्य 117 पंचायत निर्वाचन जनपद पंचायत दंतेवाड़ा 44 ग्राम पंचायत (मतदान केन्द्र-87), जनपद पंचायत गीदम 56 ग्राम पंचायत (मतदान केन्द्र-111), जनपद पंचायत कुआकोंडा 36 ग्राम पंचायत (मतदान केन्द्र-68), जनपद पंचायत कटेकल्याण 33 ग्राम पंचायत (मतदान केन्द्र-64) कुल 4 जनपद पंचायत, 169 ग्राम पंचायत ( मतदान केन्द्र -330 ) पद जिसके लिए निर्वाचन होगा। 10 जिला पंचायत सदस्य, 45 जनपद पंचायत सदस्य, 169 सरपंच, 2052 पंच, 2276 पद है। आरक्षण जिला पंचायत अध्यक्ष अ.ज.जा. (मुक्त) जिला पंचायत अध्यक्ष जनपद पंचायत दन्तेवाडा अ.ज.जा. (महिला), जनपद पंचायत गीदम अ.ज.जा. (महिला) जनपद पंचायत कुआकोंडा अ.ज.जा. (मुक्त), जनपद पंचायत कटेकल्याण अ.ज.जा. (मुक्त) शेष पदों में आरक्षण की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन शिकायतों के लिए दूरभाष नंबर 07856252398 जारी कर दी गई है। नगरीय निकाय स्तर पर सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी कार्यालय में तथा जनपद पंचायत स्तर पर सभी जनपद पंचायतों में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, डिप्टी कलेक्टर श्री लोकांश एल्मा, सहित अन्य अधिकारी एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस 26 जनवरी शुष्क दिवस घोषित

**दंतेवाड़ा, 21 जनवरी।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के अधीन छत्तीसगढ़ आबकारी देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री अनुज्ञापन तथा व्यवस्थापन नियम 2002 के तहत 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस तथा 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर मदिरा विक्रय के लिये शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके तहत उक्त दोनों दिवस जिले की समस्त देशी मदिरा दुकानों सहित विदेशी मदिरा दुकानें तथा एफएल-7 सैनिक कैंटीन पूर्णतः बंद रहेगी। उक्त आदेश का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये हैं।

## एक नजर

### गांजा परिवहन के मामले में दो को साढ़े 5-5 साल की सजा

**महासमुंद 21 जनवरी।** गांजा परिवहन के मामले में दो व्यक्तियों को आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी ने सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम ढोढरकसा निवासी 23 वर्षीय बसुदेव सांडे पिता चैतू सांडे, 38 वर्षीय अनिल सिदार पिता निरंजन सिदार को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख)(।।) (ख) के तहत 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 30-30 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाए जाने पर प्रत्येक को एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास अतिरिक्त भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार 7 जनवरी 2019 को सांकरा थाना को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक लाल-काले रंग के पैशन प्रो मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 एफ 0964 में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करते हुए पिथौरा तरफ से बिक्री हेतु बसना की ओर आ रहे है। उक्त सूचना पर घेराबंदी किया गया तथा मोटर साइकिल में दो व्यक्ति आते दिखने पर उसे इशारा देकर रोका गया। पूछताछ करने पर मोटर साइकिल चालक ने अपना नाम बसुदेव सांडे तथा पीछे थैला लेकर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अनिल सिदार बताया। मोटर साइकिल की तलाशी लेने पर उसमें कुछ नही मिला लेकिन उनके पास रखे सफेद थैले में खाखी रंग के टेप से लिपटा हुआ साढ़े 4 किलो गांजा बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस की कार्रवाई करते हुए मामला विवेचना उपरांत कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

### पूरी से महासमुंद होते अमृतसर तक सीधी ट्रेन शुरू करने की मांग

**महासमुंद 21 जनवरी।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती त्रिभुवन महिलांग ने सोमवार को महासमुंद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण के लिए पहुंचे संबलपुर रेल मंडल के डीआरएम परमेश्वर फूंकवाल से मुलाकात की। इस दौरान श्रीमती महिलांग ने डीआरएम से जगनाथ पूरी से महासमुंद होते हुए अमृतसर तक की ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। श्रीमती महिलांग ने डीआरएम को बताया कि पूरी से ट्रेन सेवा शुरु करने से ओडिशा राज्य के साथ छग के महासमुंद जिले में बड़ी संख्या में निवासरत सिक्ख समाजजनों का अमृतसर स्थित तीर्थ स्थल पहुंचने का मार्ग सुगम हो जाएगा। उक्त मार्ग पर में ट्रेन शुरु होने से पूरी आने-जाने के लिए भी यात्रियों को एक अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा मिलेगी। श्रीमती महिलांग ने बताया कि सिक्ख समाज का अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर गुरुद्वारा प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है जहां दर्शन के लिए बड़ी संख्या में समाजजन जाते है। उक्त रूट पर सीधी ट्रेन सुविधा न होने की वजह से समाजजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### रायगढ़ जिले में पोस्टेड नए अपर, संयुक्त और डिप्टी कलेक्टर्स ने दी ज्वाइनिंग

**रायगढ़, 21 जनवरी।** राज्य सरकार द्वारा 17 जनवरी 2025 को अपर, ज्वाइंट और डिप्टी कलेक्टर्स का ट्रांसफर किया था। इस ट्रांसफर आदेश के परिपालन में रायगढ़ जिले में पोस्टेड अपर कलेक्टर श्री रवि राही, ज्वाइंट कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा, ज्वाइंट कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल, डिप्टी कलेक्टर श्री रमेश मोर व डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा ने आज 20 जनवरी को पूर्वान्ह में कलेक्ट्रेट रायगढ़ में ज्वाइनिंग दे दी है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने नए अधिकारियों के ज्वाइनिंग के आधार पर जिले में पदस्थ अधिकारियों के मध्य नवीन कार्य विभाजन किया है।

### नगर पालिक निगम रायगढ़ के लिए अपर कलेक्टर रवि राही रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**रायगढ़, 21 जनवरी।** नगर पालिक आम निर्वाचन अंतर्गत नगर पालिक निगम रायगढ़ सहित जिले की 01 नगर पालिका परिषद एवं 05 नगर पंचायतों के निर्वाचन की कार्यवाही संपन्न कराने हेतु पूर्व में जारी कार्यालयीन आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने नगर पालिक निगम रायगढ़ के लिए अपर कलेक्टर रायगढ़ श्री रवि राही को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है।

### साप्ताहिक जनदर्शन आगामी सूचना तक रहेगा स्थगित

**रायगढ़, 21 जनवरी।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 हेतु प्रभावी आचार संहिता के मद्देनजर प्रति सप्ताह मंगलवार को कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित होना वाले साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन आगामी सूचना तक स्थगित रहेगा। जिलेवासी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवक-जावक शाखा में दे सकते है।

# भाजपा सरकार ओबीसी के आरक्षण को बहाल करे:जतिन जायसवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय बीजापुर में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए जगदलपुर के पूर्व महापौर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता जतिन जायसवाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ओबीसी के आरक्षण को बहाल करे। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों में भाजपा सरकार के द्वारा कराये गये वर्तमान आरक्षण प्रक्रिया के चलते प्रदेश में ओबीसी वर्ग का नुकसान हुआ है। इसलिए भाजपा सरकार आरक्षण को रद्द कर फिर से आरक्षण कराये और ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल करे, इसके लिये अध्यादेश लाना पड़े तो लाया जाये। विधानसभा की विशेष सत्र बुलाना पड़े, तो बुलाया जाये लेकिन ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल किया जाये।

उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष का एक भी सीट ओबीसी के लिये आरक्षित नहीं है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी ओबीसी वर्ग के आरक्षण में कटौती हो गयी है। कांग्रेस सरकार के समय 2019-20 में प्रदेश में जब जिलों की संख्या 27 थी तब अनुसूचित जनजाति के लिये 13, अनुसूचित जाति के लिये 3 ओबीसी के लिये 7 तथा सामान्य वर्ग के लिये 4 जिला पंचायत सीटें आरक्षित थी, भाजपा सरकार ने षड़यंत्रपूर्वक इसमें कटौती किया। अब जिलों की संख्या 33 हो गयी लेकिन ओबीसी का आरक्षण 7 से घटकर शून्य हो गया। प्रदेश के सभी जिला पंचायत एवं जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिये आरक्षित हुआ करती थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। भाजपा की साय सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावनापूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले, शहर और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था, अन्य वर्ग के लिये आरक्षित हो गया है। जतिन जायसवाल ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने ÷पहले ओबीसी को धोखा दिया, अब सामान्य वर्ग को ठगने जा रही÷। जब पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध हो रहा है तब कह रहे कि अनारक्षित वर्ग की आधा सीटों में पिछड़ा वर्ग को लड़ायेंगे। पहले तो पिछड़ों के संवैधानिक अधिकार में डाका डाला, अब जले पर नमक छिड़क रहे। जतिन जायसवाल ने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि अनारक्षित सीटों में तो सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी कोई भी लड़ सकता है और जहां पर जैसी परिस्थिति होती है लोग लड़ते भी है, इसमें भाजपा क्या अहसान कर रही? जतिन जायसवाल ने कहा कि ओबीसी वर्ग को भाजपा का अहसान नहीं बाबा साहब के संविधान के द्वारा दिया गया आरक्षण का अधिकार चाहिये। प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, पुरुषोत्तम सल्लूर, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज अवलम, एजाज़ सिद्दीकी, सम्माराम हेमला, गिरधारी लाल राठी, हमीदा बेगम, जानकी साहनी, कविता यादव, लक्ष्मण हेमला और रंजीत पवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज्य निर्वाचन आयोग के चुनाव कार्यक्रम जारी करते ही राज्य में आचार संहिता लागू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 21 जनवरी।** नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी को अपराह्न में निर्वाचन कार्यक्रम जारी करने के साथ ही प्रदेश में आचार संहिता लागू हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस-वार्ता लेकर रायगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों व त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नगरीय निकाय के लिए मतदान एक चरण में 11 फरवरी 2025 को किया जाएगा। परिणामों की घोषणा 15 फरवरी 2025 को होगी। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदान तीन चरण में संपन्न होंगे। रायगढ़ जिला अंतर्गत प्रथम चरण में विकासखण्ड रायगढ़ व पुसौर के पंचायत, द्वितीय चरण में खरसिया, धरमजयगढ़ और तृतीय चरण में तमनार, लैलूंगा एवं घरघोड़ा के पंचायतों में मतदान किया जाएगा।

जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकाय हेतु निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन व मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 22 जनवरी 2025 को किया जाएगा। 22 जनवरी 2025 से ही नाम निर्देशन प्राप्त करना शुरू हो जाएगा। 28 जनवरी 2025 नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 29 जनवरी 2025 को की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 31 जनवरी 2025 है। निर्वाचन लडने् वाले अभ्यर्थियों की सूचना तैयार कर प्रकाशन करना व निर्वाचक प्रतीकों का आबंटन 31 जनवरी 2025 को किया जाएगा। 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को मतदान किया जाएगा। मतगणना व निर्वाचन परिणामों की घोषणा 15 फरवरी 2025 दिन शनिवार को की जाएगी। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में मतदान तीन चरण में संपन्न होंगे। इसमें तीनों चरणों के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन व मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 27 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस एवं महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद 21 जनवरी।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए रविवार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं गुरुवार 30 जनवरी 2025 महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके फलस्वरूप कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने उक्त शुष्क दिवस पर महासमुंद जिले की समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल.-3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट, देशी मदिरा भण्डारण भाण्डागार महासमुंद तथा देशी, विदेशी, कम्पोजिट अहातों को बंद रखने आदेशित किया है। उक्त दिवस में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### मुतवेंदी में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित



**बीजापुर 21 जनवरी।** जिला के अति दुर्गम क्षेत्र मुदवेन्डी मे केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल का नया कैम्प स्थापित किया गया है एंव के0रि0पु0बल के अथक प्रयासों से आज दिनांक-19/01/2025 को श्री सुनील कुमार राही कमाण्डेंट 85 बटा0 के मार्गदर्शन में कैम्प परिसर मूतवंदी के सामने सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन के0रि0पु0बल एंव कोबरा बटा0 के द्वारा किया गया। इसमे ग्राम मुदवेन्डी और आसपास के गावों के ग्रामीणों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। इसमे के0रि0पु0बल के द्वारा ग्रामीण बच्चो की शिक्षा के लिये स्कूल ड्रेस/कितावें/पेन/पेंसिल/स्कूल शूज / स्कूल बैग/आदि का वितरण किया गया एंव युवाओं और महिलाओं को साड़ी/खेल-कुद का सामान / मच्छरदानी / लुंगी / सॉल /कंबल और अन्य खाने-पीने का सामान वितरण किया गया। शिविल से आये ग्रामीणों की चिकित्सा-जॉच किया गया तथा दवाईयों का भी वितरण किया गया। समारोह समाप्त होने पर ग्रामवासियों को जलपान कराया गया। केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल के नये कैम्प खुलने से ग्रामवासियों मे बहुत उत्साह है इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे श्री अमित कुमार, कमाण्डेंट 202 कोवरा बटा, श्री सुरेश उरावें द्वितीय कमान अधिकारी 85 बटा, श्री अनादी दयाल उप.कमा.-202 कोबरा, श्री टी. उमाकान्त मितेई सहा0कमा0 85 बटा0, श्री अनीश सैनी सहा. कमा. 85 बटा, श्री अजित कुमार सहा. कमा. श्री भानु शेखर सहा. कमा. श्री दक्षिणा मूर्ति सहा0कमा0 202 कोबरा, श्री अक्षय झा सहा. कमा. 199 बटा के साथ-साथ ए0/85, जी/85, ए/199 बटा और कोवरा बटा0 के अन्य अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मनाया जाएगा

**महासमुंद 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में आज समय सीमा की बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक ने सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का अनिवार्यतः पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सभी निर्वाचन आयोग के अधीन हो गए है। अतः आचार संहिता का पालन कड़ाई से करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान कोई भी शासकीय अधिकारी कर्मचारी बिना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमति के न ही अवकाश पर जाएंगे और न ही मुख्यालय छोड़ सकेंगे। श्री आलोक ने बताया कि जिले में नगरीय निकाय अंतर्गत नगरपालिका - महासमुंद बागबाहरा, सरायपाली एवं नगर पंचायत अंतर्गत - पिथौरा, बसना, तुमगांव की चुनाव प्रक्रिया के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थान (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन बुधवार 22 जनवरी 2025 को सुबह 10:30 बजे किया जाएगा। उन्होंने निर्वाचन में संलग्न सभी अधिकारी कर्मचारियों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का बारीकी से अध्ययन करने के निर्देश दिए है। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की प्रक्रिया तीन चरणों में सम्पन्न होगी। चुनाव प्रक्रिया के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थान (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन सोमवार 27 जनवरी 2025 को किया जाएगा। अपर कलेक्टर श्री रवि साहू ने बताया कि संपत्ति विरूपण के तहत कार्यवाही प्रारम्भ हो गई है। राजनीतिक पोस्टर बैनर को निकालने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों से प्रतिदिन रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि आयोग ने स्पष्ट किया है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर समारोह आयोजित किए जा सकते हैं, लेकिन इनमें राजनीतिक प्रचार-प्रसार पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। समारोह में मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक जैसे राजनीतिक पदाधिकारी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो सकते हैं, लेकिन उनके भाषण देशभक्ति, स्वतंत्रता सेनानियों की उपलब्धियों और प्रेरणादायक विचारों तक सीमित रहेंगे। किसी भी नई योजना की घोषणा या राजनीतिक प्रचार-प्रसार की अनुमति नहीं होगी। संबंधित पदाधिकारी अपने गृह जिले या निर्वाचन क्षेत्र से बाहर अन्य स्थानों पर समारोह में भाग ले सकते हैं। ऐसे राजनीतिक पदाधिकारी जो चुनाव लड़ने का इरादा रखते हैं, वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में अतिथि के रूप में शामिल नहीं हो सकेंगे।

### आबकारी अमले ने किराना दुकान में छापा मारकर शराब जब्त की



**बीजापुर 21 जनवरी।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर और उपायुक्त आबकारी श्री आशीष कोसम के मार्गदर्शन में 17 जनवरी 2025 को जिला आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी के नेतृत्व मे आबकारी टीम बीजापुर ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी वृत्त भोपालपट्टनम ग्राम बासागुड़ा थाना बासागुड़ा से 500 मीटर की दुरी पर साप्ताहिक बाजार के मध्य तिरुपति जंघम नाम के व्यक्ति द्वारा किराना दुकान के माध्यम से अवैध मदिरा का विक्रय किया जा रहा था। मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम मौके पर घटना स्थल पर पहुंची परन्तु आरोपी अवैध शराब को अपने घर के एक कमरे मे छुपा कर फरार हो चूका था। स्थानीय पुलिस की मदद से तथा गांव के सरपंच एवं अन्य गवाहों के उपस्थिति मे कमरे का दरवाजा तोड़ा गया जहाँ से बड़ी मात्रा मे नॉन ड्यूटी पेड एवं ड्यूटी पेड अवैध शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 36, 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना मे लिया गया है। कार्यवाही के दौरान नॉन ड्यूटी पेड (मध्य प्रदेश एवं तेलंगाना विक्रय हेतु कुल 66.17 बल्क लीटर 273 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की, 84 नग मैकडॉवेल्स नंबर 1 व्हिस्की, 7 नग रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्की प्रति नग 180 उस 1 नग किंग फिशर बियर 650 उस ड्यूटी पेड कुल 31.50 बल्क लीटर 3 नग रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्क, 11 नग ब ब्लैक, 16 नग फ्रंटलाइन व्हिस्की, 8 नग वाइट एंड ब्लू व्हिस्की, 4 नग आफ्टर डार्क व्हिस्की प्रति नग 750 ?लीटर प्राप्त किया गया। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्रीराम कावरे, आरक्षक शिवनारायण सेठिया, भरत वट्टी, नगर सैनिक मनोज एक्का तथा थाना बासागुड़ा के स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की समय सारिणी की दी जानकारी

**महासमुंद 21 जनवरी।** जिला पंचायत सीइओ श्री एस. आलोक एवं अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू ने आज प्रेस वार्ता लेकर नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए घोषित समय-सारिणी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय अंतर्गत नगरपालिका - महासमुंद बागबाहरा, सरायपाली एवं नगर पंचायत अंतर्गत - पिथौरा, बसना, तुमगांव की चुनाव प्रक्रिया के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थान (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन बुधवार 22 जनवरी 2025 को सुबह 10:30 बजे किया जाएगा। मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति बुधवार 22 जनवरी 2025 को होगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि मंगलवार 28 जनवरी 2025 निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) बुधवार 29 जनवरी 2025 को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख शुक्रवार 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। मतदान (यदि आवश्यक) हो नगरीय निकाय हेतु मंगलवार 11 फरवरी 2025 को निर्धारित किया गया है तथा नगरीय निकाय हेतु मतगणना और परिणाम की घोषणा शनिवार 15 फरवरी 2025 की जाएगी। नगरीय निकाय के लिए मतदान का समय प्रातः 07:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की प्रक्रिया तीन चरणों में सम्पन्न होगी। चुनाव प्रक्रिया के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थान (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन सोमावर 27 जनवरी 2025 को किया जाएगा। मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति सोमवार 27 जनवरी 2025 को होगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 03 फरवरी 2025 निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) मंगलवार 04 फरवरी 2025 को होगी। अभ्यर्थी से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख गुरूवार 06 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए पहला चरण का मतदान सोमवार 17 फरवरी 2025 को होगा जिसमें जिले के बसना और सरायपाली क्षेत्र शामिल है। इसी तरह द्वितीय चरण के तहत पिथौरा और बागबाहरा क्षेत्र में गुरूवार 20 फरवरी को मतदान होगा तथा तृतीय चरण के तहत महासमुंद क्षेत्र में रविवार 23 फरवरी 2025 को मतदान निर्धारित किया गया है। मतदान के लिए प्रातः 6:45 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक का समय रहेगा। खंड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना तीन चरणों में की जाएगी। जिसमें प्रथम चरण की तिथि मंगलवार 18 फरवरी, दूसरे चरण के लिए शुक्रवार 21 फरवरी एवं तीसरे चरण के लिए सोमवार 24 फरवरी 2025 की तिथि निर्धारित है। सारणीकरण और अंतिम परिणाम की घोषणा अंतर्गत पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत के मामले में खण्ड स्तर पर प्रथम चरण की घोषणा बुधवार 19 फरवरी, द्वितीय चरण में शनिवार 22 फरवरी और तृतीय चरण में मंगलवार 25 फरवरी को घोषणा की जाएगी।

### तीव्र संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा कोलाहल प्रतिबंधित

**धमतरी 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 संपन्न कराने के लिए घोषित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए धमतरी जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के सभी वार्डों के सदस्यों का आम निर्वाचन होना है। उनमें तीव्र संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा कोलाहल को प्रतिबंधित करना लोकहित में आवश्यक है। इसके मद्देनजर जिला दण्डाधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम 1985 के तहत् प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए सभी प्रकार के तीव्र संगीत ध्वनि विस्तारक यंत्र, मोटरयान के प्रेशर हार्न से उत्पन्न होने वाले कोलाहल, जिससे सामान्य पैदल चलने वाला व्यक्ति घबरा जाए या जिसे सुनकर क्षोभ या सन्त्रासकारित हो को, उन समस्त नगरीय निकायों में जहाँ आम निर्वाचन होना है, में प्रतिबंधित किया है। निर्वाचन के प्रयोजनो के लिए निर्वाचन अवधि के दौरान सुबह 6 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक जिले के समस्त नगरीय निकायों के वार्डों एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउड स्पीकर इत्यादि) के प्रयोग की अनुमति के लिए शर्तें निर्धारित की गईं है, इसके तहत उक्त समयावधि में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग तभी किया जा सकेगा जब उससे छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समय समय पर जारी दिशा-निर्देश का कोई उल्लंघन न होता हो। चलित वाहन में ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग आयोग के द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों, आदेशों के अनुरूप एवं आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा पर ही किया जा सकेगा।

### मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का किया शुभारंभ

**महासमुंद 21 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने न्यू सर्किट हाउस ऑडिटोरियम रायपुर से दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारम्भ किया। इस योजना के माध्यम से राज्य के 5 लाख 62 हजार 112 भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं विधायकगण मौजूद थे। इस कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों सहित महासमुंद जिला भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। जिले के सभी विकासखंडों में हितग्राही और जनप्रतिनिधि वीसी के माध्यम से जुड़े थे। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में येतराम साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र साहू, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं रविराज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा सहित आनंद साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही मौजूद थे। शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुल 5 लाख 62 हजार से अधिक हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलने जा रहा है। इस योजना के तहत पांच सौ 62 करोड़ 11 लाख 20 हजार रुपए हम भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना को शुरू करने के पीछे हमारा उद्देश्य भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है। इस योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी आदि पौनी-पसारी व्यवस्था से संबद्ध भूमिहीन परिवार भी शामिल हैं। इनके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी परिवारों को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री साय ने भूमिहीन मजदूर हितग्राहियों को 10 हजार रुपए की राशि का चेक वितरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक कदम के माध्यम से प्रदेश के भूमिहीन मजदूर परिवारों के आर्थिक समृद्धि का जो संकल्प हमने लिया था, वह आज साकार हो रहा है। साय ने कहा कि यह योजना न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी, बल्कि उनके बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य को भी सुरक्षित बनाएगी।

# खरसिया नपा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए भाजपा से कमल गर्ग का नाम लगभग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया 21 जनवरी।** नगरीय निकाय चुनाव के निर्वाचन तिथि की घोषणा पश्चात एकाएक प्रदेश के साथ-साथ खरसिया की राजनीति में भी गर्मी आ गई है। अभी तक लोग भाजपा एवं कांग्रेस दोनो दलों के प्रत्याशियों के विभिन्न नामों को लेकर अटकलें लगा रहे थे। प्रदेश में भाजपा की सत्ता होने के कारण अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से अनेक प्रत्याशी विभिन्न गुटों के माध्यम से अपनी दावेदारी करने में लगे हुए है। खरसिया नगरपालिका अध्यक्ष पद जब से सामान्य के लिए आरक्षित हुआ है तब से पार्टी के दमदार नेता अध्यक्ष पद के लिए अपना मोहरा सेट करने में लगे हुए है। कांग्रेस पार्टी में भी अध्यक्ष पद के लिए विभिन्न नामों की चर्चा चल रही है। किंतु अंततः प्रत्याशी कौन होगा यह भाजपा प्रत्याशी की घोषणा होने के पश्चात ही मालूम चलेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे प्रदेश भर





में नगरीय निकाय चुनाव में 11 फरवरी को मतदान किया जाना निश्चित किया गया है।

खरसिया नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए विशेष चर्चा भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष पद का उम्मीदवार कौन होगा इस बात को लेकर लगाई जा रही है। भाजपा के महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय नेताओ से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संसदीय कार्यकाल में इनके करीबी रहे कमल गर्ग का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है तथा यह भी जानकारी मिल रही है की बहुत ही जल्द भाजपा प्रत्याशी के रूप में प्रदेश भाजपा द्वारा इनकी घोषणा कर दी जावेगी।

भारतीय जनता पार्टी के साफ-सुथरी एवं बेदाग छवि के एक अन्य उम्मीदवार संजय अग्रवाल (दीपक मेडिकल) का नाम भी भाजपा के एक गुट विशेष द्वारा प्रमुखता से चलाया जा रहा है तथा कुछ दिनों पूर्व ही खरसिया का एक प्रतिनिधि मंडल इनके नाम को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश भाजपा नेताओं के साथ मुलाकात करने रायपुर गया था। उन्हें अपने प्रयास में कितनी सफलता मिली यह तो पार्टी प्रत्याशी की घोषणा होने के पश्चात ही मालूम चलेगा। जहां तक पार्टी निष्ठा का सवाल है संजय अग्रवाल का परिवार पूर्व जनसंघ के समय से ही पार्टी एवं आर.एस.एस. के प्रति निष्ठावान रहा है। खरसिया शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस द्वारा भी प्रत्याशी चयन को लेकर दिनांक- 20 जनवरी को क्षेत्रीय विधायक उमेश पटेल की उपस्थिति में एक आवश्यक बैठक मदनपुर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक के पश्चात कांग्रेस के विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिल रही है की पार्टी कार्यकर्ता एवं जनता की नजर में कांग्रेस से नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए जो प्रभावशाली प्रत्याशी हो सकते है वो लड़ने के प्रति उत्सुक नजर नहीं आ रहे है। खरसिया नगरपालिका के वार्डो की वास्तविक स्थिति का अध्ययन किया जाएं तो आम जनता के बीच वास्तविक धरातल पर कांग्रेस कही भी भाजपा से कम नजर नहीं आ रही है। जबकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में अध्यक्ष पद के लिए ज्यादा उत्साह नहीं देखा जा रहा है। यह देखने की बात है जब प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में हुआ करती थी तब कांग्रेस नेताओ के बीच हर पद के लिए मारा-मारी होती थी। वही अब ये लोग विधायक उमेश पटेल से मुंह छिपाते नजर आ रहे है।

भाजपा प्रदेश में सत्ताशीन है इसलिए खरसिया नगर पालिका में भाजपा को विजयश्री प्राप्त करनी है तो ऐसे प्रत्याशी के बारे में विचार करना पड़ेगा जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में अधिक से अधिक सहमति बन सके तथा अध्यक्ष पद के होने वाले प्रत्याशी में भाजपा के अधिक से अधिक पार्षदों को जिताने की क्षमता हो। वह ऐसा भी हो जिसे नगरपालिका के सभी 18 वार्डो का पूर्ण ज्ञान हो। इन सारी परिस्थितियों में भी भाजपा के कमल गर्ग काफी आगे नजर आ रहे है। बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता एवं पार्षद पद के होने वाले अधिकांश प्रत्याशी मतदान तिथि की घोषणा के पश्चात से जिस प्रकार इनके घर पर मिलने पहुंच रहे है एवं इनके घर पर लगातार बैठके हो रही है। ये सारी स्थिति संकेत दे रही है की भाजपा हाईकमान ने खरसिया नगरपालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में कमल गर्ग को हरी झंडी दिखा दी है।

### नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तिथि घोषित, जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील

# नगरीय निकाय एक एवं तीन चरणों में होगा पंचायत चुनाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को प्रदेश में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यक्रम क़ी घोषणा क़ी गई।नगरीय निकाय एक तथा पंचायत चुनाव 3 चरणों में होगी। इसके साथ ही प्रदेश सहित बलौदाबाजार - भाटापारा जिले में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने सभी अधिकारी- कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता क़ा अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों में 22 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से निर्वाचन क़ी अधिसूचना क़ा प्रकशन, स्थानों के आरक्षण के सबंध में सूचना प्रकाशन, मतदान केंद्रों क़ी सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। नाम निर्देशन प्राप्त करने क़ी अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 है। नाम निर्देशन पत्रों क़ी संवीक्षा 29 जनवरी को होगी।31जनवरी 2025 को अभ्यर्थिता से नाम वापसी की अंतिम तिथि व निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों क़ी सूची तैयार करना, प्रकाशन और निर्वाचन प्रतिकों का आवंटन होगा। मतदान 11 फ़रवरी 2025 को प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामो क़ी घोषणा 15 फ़रवरी 2025 को होगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के लिए 27 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से निर्वाचन क़ी अधिसूचना क़ा प्रकशन, स्थानों के आरक्षण के सबंध में सूचना प्रकाशन, मतदान केंद्रों क़ी सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। नाम निर्देशन प्राप्त करने क़ी अंतिम तिथि 3 फ़रवरी 2025 होगा। नाम निर्देशन पत्रों क़ी संवीक्षा 4 फ़रवरी को 2025 को होगी। 6 फ़रवरी 2025 को अभ्यर्थिता से नाम वापसी की अंतिम तिथि व निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों क़ी सूची तैयार करना, प्रकाशन और निर्वाचन प्रतिकों का आवंटन होगा। मतदान यदि आवश्यक हुआ तो प्रथम चरण 17फ़रवरी, द्वितीय चरण 20 फ़रवरी एवं तृतीय चरण 23 फ़रवरी 2025 को प्रातः 7बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। खण्ड मुख्यालयों में मतगणना प्रथम चरण के लिए 18 फ़रवरी 2025, द्वितीय चरण के लिए 21 फ़रवरी एवं तृतीय चरण के लिए 24 फ़रवरी 2025 को होगा। पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य के परिणामो क़ी घोषणा प्रथम चरण, 19 फ़रवरी 2025, द्वितीय चरण 22 फ़रवरी, तृतीय 25 फ़रवरी को वहीं जिला पंचायत सदस्यों के लिए प्रथम चरण 20 फ़रवरी 2025, द्वितीय चरण 23 फ़रवरी, 25 फ़रवरी 2025 को होगा।




## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर, एसपी ने घायल बच्चों से भेंट कर स्वास्थ्य की जानकारी ली



- पालक बनकर अपनी निगरानी में कराया प्राथमिक उपचार
- बच्चों और परिजनों को ढांढस बंधाया
- प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को परिजनों के सुपुर्द किया गया
- नहीं है कोई भी बच्चा गंभीर, सामान्य स्थिति में घर भेजे गए बच्चे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 21 जनवरी।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने सड़क दुर्घटना में घायल बच्चों को स्वास्थ्य हाल जानने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोटाटोला पहुंचे। कलेक्टर एवं एसपी ने यहां बच्चों एवं परिजनों से भेंट कर बच्चों के स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि बच्चों को सामान्य हल्की चोटें आई है। सामान्य उपचार के उपरांत सभी बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। कलेक्टर एवं एसपी ने यहां बच्चों एवं उनके परिजनों से भेंट कर ढांढस बंधाया। पालक बनकर अपनी निगरानी में उपचार कराया। कलेक्टर ने परिजनों से कहा कि बच्चों के उपचार के लिए जो भी जरूरत होगी, प्रशासन द्वारा सभी तरह का उपचार कराया जाएगा। जिन चार बच्चों को उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया था, वे बच्चे भी सामान्य स्थिति में है। किसी भी बच्चा को कोई गंभीर चोटें नहीं है। परिजनों की मौजूदगी में बच्चों का सकुशल उनके घर पहुंचा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस पूर्व माध्यमिक शाला केवट टोला के 50 बच्चे दंतेवाड़ा भ्रमण पर गए हुए थे। घर वापसी के दौरान सड़क दुर्घटना से सामान्य रूप से घायल हो गए थे।

## एक नजर

### राज्य योग आयोग अध्यक्ष से योग शिक्षक भर्ती करने की मांग



**छुरा, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा राज्य प्रभारी पतंजलि युवा भारत सोशल मीडिया द्वारा माननीय रूपनारायण सिन्हा अध्यक्ष योग आयोग (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) से उनके निवास में भेंट कर प्रत्येक गांव , तहसील एवं जिला में योग शिक्षक भर्ती कर योग को जन जन तक पहुंचाने हेतु विस्तृत चर्चा कर जल्द ही योग शिक्षक भर्ती करने का आग्रह किया। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा आश्वासन देते हुए कहा कि हम इस विषय पर जल्द ही कार्ययोजना बनाकर स्वीकृति जरूर करेंगे।

### बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में प्रतिबंधात्मक धारा-163 प्रभावशील

**बलौदाबाजार, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के साथ ही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी द्वारा आदेश जारी कर सम्पूर्ण बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता क़ी धारा 163 (1) एवं (2) लागू कर दिया है। यह आदेश 20 जनवरी 2025 को शाम 4 बजे से 26 फ़रवरी 2025 क़ी मध्य रात्रि तक प्रभवशील रहेगा। जारी आदेशानुसार बलौदाबाजार- भाटापारा राजस्व जिला के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के कोई जुलुस या रैली नहीं निकलेगा।किसी प्रकार क़ा घातक शस्त्र तथा बंदूक, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामाग्री को किसी भी सार्वजनिक स्थान आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाएँ एवं अन्य स्थानों पर लेकर नहीं चलेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य के सम्पादन के लिये लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है।

### धान खरीदी पर कड़ाई से निगरानी रखें वास्तविक किसानों से ही हो खरीदी : कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 21 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोने ने सोमवार को धान खरीदी क़ी निगरानी के सम्बन्ध में अधिकारियो क़ी बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट रुप से निर्देशित किया कि कड़ाई से निगरानी करें और केवल वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी हो। किसी भी समिति में धान खरीदी में अनियमितता क़ी शिकायत आने पर सम्बंधित अधिकारी पर कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के लिए अब केवल 9 कार्यदिवस ही शेष है और लगभग 90 प्रतिशत किसानों ने धान बेच लिया है। इस बीच समितियों में अवैध रूप से धान खपाने कोचिये सक्रिय हो सकते हैं। सभी समितियों में निगरानी कड़ाई से किया जाए। किसी भी समिति में गड़बड़ी क़ी शिकायत मिलने पर सम्बंधित समिति प्रबंधक सहित क्षेत्र के सहकारिता निरीक्षक पर भी कार्रवाई होगी। उन्होंने डीओ के अनुसार धान उठाव में तेजी लाने रईस मिलर्स क़ी भी निगरानी करने के निर्देश दिए।

### आचार संहिता प्रभावी होते ही सम्पत्ति विरूपण पर कार्रवाई शुरु

# प्रशासन ने शुरू किया सार्वजनिक स्थानों से बैनर-पोस्टर हटाना, दीवार लेखन मिटाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 जनवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत के लिए निर्वाचन तिथि क़ी घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सोनी ने आचार संहिता प्रभावी होते ही नगरीय निकायों एवं पंचायत क्षेत्रों में संपत्ति विरुपण पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुपालन में नगरीय निकाय एवं पंचायत क्षेत्रों में शासकीय भावनो एवं सार्वजनिक स्थानों से सम्पति विरुपण पर कार्यवाही क़ी गई जिसमें बैनर, पोस्टर हटाने एवं दिवार लेखन को मिटाने क़ी कार्यवाही क़ी जा रही है।

सम्पत्ति विरूपण अधिनियम अंतर्गत कोई भी जो सम्पत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी सम्पत्ति से स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थों से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करेगा वह जुर्माने से दण्डनीय होगा। अधिनियम के तहत जारी आदेश में यह कहा गया है कि किसी भी राजनीतिक दल या निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी द्वारा किसी निजी सम्पत्ति पर बैनर लगाने, पोस्टर चिपकाने, चुनाव प्रचार से संबंधित झंडे लगाने या रंग, खड़िया से लिखे जाने से पूर्व निजी सम्पत्ति के स्वामी की लिखित सहमति से संभावित दस्तावेज निर्वाचन कार्यालय में आवश्यक रूप से उपलब्ध करायें। कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी अपने समर्थकों, अनुयायियों को झंडे लगाने, बैनरों को लटकाने, नोटिसों को चिपकाने, नारे आदि लिखने के लिए सम्पत्ति स्वामी की अनुमति के बिना नहीं कर सकेंगे। इसमें भवन, भूमि, अहाता आदि शामिल है। यदि बिना सहमति से किसी निजी सम्पत्ति पर बैनर लगा हो, पोस्टर चिपका हो, चुनाव प्रचार संबंधी झंडे लगे हो या रंग अथवा खड़िया से लिखकर सम्पत्ति को विरूपित किया जाना पाया जाएगा तो सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत न केवल दण्डित किया जाएगा अपितु उसे हटाये जाने में होने वाले व्यय की वसूली भू-राजस्व बकाया की भांति निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी, राजनीतिक दल आदि से की जाएगी। इसके साथ ही साथ होने वाले व्यय को राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी के व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा। भारतीय दण्ड संहिता और दण्ड प्रक्रिया संहिता के अधीन दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।




### लाइसेंसी शस्त्रधारियों को थाने में शस्त्र जमा करना अनिवार्य

**बलौदाबाजार, 21 जनवरी।** नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए चुनाव प्रक्रिया के दौरान आग्नेय, अस्त्र-शास्त्रों के दुरूपयोग होने से रोकने के लिए लाइसेंसी शस्त्र धारियों को सम्बन्धित थाने में शस्त्र जमा करना अनिवार्य है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने आदेश जारी कर जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी लाइसेंसी अस्त्र-शस्त्रधारियों को अपने अस्त्र-शस्त्र जमा करने कहा है। जिले के सभी लाइसेंसी अस्त्र-शस्त्रधारी संबंधित पुलिस स्टेशन में जमा कर सकते हैं। यह आदेश जिले के निवासियों तथा बाहर से आए लाइसेंसधारियों पर भी लागू होगा। गौरतलब है कि बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय राइफल एवं जिला राइफल संघ, औद्योगिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं, महत्वपूर्ण शासकीय संस्थाओं के सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षा गार्ड्स को अपने हथियार जमा करने की बाध्यता नहीं होगी। लेकिन जिन लाइसेंसधारी को इस आदेश से मुक्त रखा गया है उन्हें अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में अवश्य देनी होगी। थाना प्रभारी की अनुमति के बिना अपने अस्त्र-शस्त्र परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति तक जिले की सीमा के भीतर रहने वाले सभी लाइसेंसियों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित किए गए हैं तथा आचार संहिता समाप्त होने के बाद उनके अस्त्र-शस्त्र वापस कर दिए जाएंगे।

### वर्ष 2012 में प्रभारी मंत्री गरियाबंद जिला पून्नूराम मोहिले की घोषणा पर आज तक अमल नहीं



- तालियों की गडगडाहट में मंत्री की घोषणा न जाने कहां खो गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 21 जनवरी।** गरियाबंद जिला के छुरा नगर में वर्ष 2012 में जिले के प्रभारी मंत्री पून्नूराम मोहिले, सासंद चन्दू लाल साहू ने नगर सुराज कार्यक्रम में नगर के उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मोहिले ने छुरा नगर के वार्ड 13;14;15 के मकानों के छत के उपर से 11 के व्ही विद्युत लाइन को मोहल्ले वासियों के मांग पर हटाने के लिए दस लाख रुपये स्वीकृति की घोषणा किया मंत्री के घोषणा पर उपस्थित जन समुहों ने तालियों की गडगडाहट से मंत्री की घोषणा का स्वागत किया। लेकिन मंत्री के घोषणा पर अमल आज तक नहीं हुआ , मंत्री ने घोषणा तो कर दिया लेकिन विद्युत विभाग गरियाबंद मोहल्ले वासी को डिमांड नोट बारह साल में चौबीस बार भेज चुका है मंत्री की घोषणा को पूरा करने के लिए छुरा नगर के मोहल्ले वासी पैसा विद्युत विभाग गरियाबंद को भुगतान करें तब मंत्री की घोषणा पूरा होगा, मोहल्ले वासी जब जब मंत्री मुख्यमंत्री कलेक्टर गरियाबंद को स्मरण पत्र भेजते हैं।

तब तब बिजली विभाग गरियाबंद के अधिकारी डिमांड नोट भेजकर पैसा पटाने के लिए नोटिस थमा देते हैं। मंत्री की घोषणा पूरा करने के लिए जनता की जेब खाली होने के कारण समस्या का समाधान के लिये गरियाबंद कलेक्टर आफिस से बिजली विभाग, नगर पंचायत छुरा के बीच बारह साल से कागजी कार्यवाही कछुआ गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साया एवं जिला के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल , कलेक्टर दीपक अग्रवाल को पुनः स्मरण कराया गया है क्या घोषणा पर अमल हो गा कि पांच साल तक कागजी घोषणा दौडेगा।

# सीआईएसएफ जवान को ट्रेनिंग कैंप के लिए रवाना किया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 21 जनवरी।** भखारा क्षेत्र के ग्राम बोरझरा के सीआईएसएफ जवान राजीव रात्रे पिता कोमल सिंह रात्रे को परिजनों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर ट्रेनिंग कैंप के लिए रवाना किया इस दौरान परिवार के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे और उन्हें आरती तिलक लगाकर उपहार भेंट कर विदाई दी।

ज्ञात हो कि कोमल सिंह रात्रे के सुपुत्र राजीव रात्रे एवं उनके छोटे पुत्र संजीव रात्रे का चयन सीआईएसएफ में हुआ है।छोटा पुत्र संजीव रात्रे पूर्व से ही अग्निवीर कांस्टेबल के रूप में लद्दाख में अपनी सेवा दे रहे है।और वर्तमान में बड़ा बेटा राजीव को परिजनों एवं ग्रामीणों ने खुशी खुशी राजस्थान ट्रेनिंग के लिए रवाना किया।

इस दौरान गांव के पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ नागरिक डोमार सिंह साहू ने उन्हें उज्जल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं राजीव के सफलता से युवाओं को प्रेरित होने की बात कही।उन्होंने कहा कि युवावस्था में कई लोग व्यशन के चपेट में आकर जीवन बर्बाद कर देते है।राजीव उन लोगों के लिए प्रेरणा है।वह कठिन परिश्रम कर मातृभूमि का सेवा करने जा रहे है।ऐसा अवसर किस्मत वालों को मिलता है।जवान राजीव रात्रे और पूरे परिवार को बधाई दी।

अवसर पर लक्ष्मीकांत बंजारे अध्यक्ष सतनामी समाज, राजेश रात्रे, अशोक साहू, हीरालाल साहू, करण रात्रे साहिल साहू, टेटकू राम साहू, पीताम्बर साहू, केवल सेन सहित आर्म ट्रेनिंग अकैडमी के प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# सरकारी तंत्र को जगाने में अहम भूमिका निभाएगी मध्य भारत का फेफड़ा-हसदेव पुस्तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 21 जनवरी।** मध्य भारत का फेफ्ड़ा-हसदेव नामक विश्व स्तरीय काव्यमयी साझा काव्य ग्रंथ जो कि प्रकृति संरक्षण व संवर्धन पर आधारित पहली कविता पुस्तक है। इसके विमोचन का भव्य कार्यक्रम 19 जनवरी 2025 (रविवार) को रायपुर के सिविल लाईन स्थित वृंदावन हॉल में संपन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, अतिविशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज (दूधाधारी मठ व पूर्व विधायक), डॉ विनय पाठक (पूर्व अध्यक्ष, राजभाषा आयोग, छ.ग.), डॉ स्नेहलता पाठक (छत्तीसगढ़ की प्रथम हास्य व्यंग्यकार), रामेश्वर शर्मा (वरिष्ठ गीतकार, साहित्यकार, समीक्षक), बी. आर. बिश्नोई (चीफ मैनेजर माइनिंग), डॉ सत्यजीत साहू (एमडी गुडविल हॉस्पिटल, रायपुर), मंगल उरांव (उपमहाप्रबंधक, भटगांव क्षेत्र), डॉ सोनल शर्मा (गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड प्रभारी, छ.ग.), अध्यक्षता डॉ उदयभान सिंह चौहान (भागीरथ, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण), आयोजक राजकुमार छापड़िया (साहित्यकार, मुंबई) उपस्थित रहे। यह आयोजन छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान व संपादक डॉ आशा आजाद कृति के द्वारा किया गया था। यह एकदिवसीय आयोजन दो सत्रों में किया गया।



कार्यक्रम का प्रथम सत्र माँ सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और राजकीय गीत के साथ शुरू हुआ। अतिथियों का स्वागत छत्तीसगढ़िया गमछा व पुष्प गुच्छ से किया गया। तत्पश्चात विश्व स्तरीय काव्य ग्रंथ मध्य भारत का फेफ्ड़ा-हसदेव जो एक विश्व स्तरीय विशाल काव्यमयी संकलन है, जिसका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ हसदेव अरण्य जो आज खतरे में है उसके संरक्षण और संवर्धन के साथ अरण्य को नष्ट होने से बचाने को लेकर लिखी गई है। इस पुस्तक को वन्य संरक्षण पर आधारित पहली कविता संग्रह होने के कारण छत्तीसगढ़ की गोल्डन बुक ऑफ़वर्ल्ड रिकॉर्ड की प्रभारी डॉ सोनल शर्मा द्वारा गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड से पुरस्कृत किया गया। इस काव्य संग्रह में छत्तीसगढ़ राज्य ही नहीं वरन् देश-विदेश से कुल 101 साहित्यकार शामिल हुए है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से 91, देश के अन्य राज्यों से 8, आस्ट्रेलिया से 1 और कैलिफोर्निया से 1 साहित्यकार सम्मिलित हैं। जिन्होने अपनी सुगंधित रचनाओं के माध्यम से काव्यमयी ग्रंथ को सुशोभित किया, उन सभी 101 साहित्यकारों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर के सम्मान के साथ ही विश्व स्तरीय गोल्डन बुक ऑफ़वर्ल्ड रिकॉर्ड के सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। सभी आगंतुक अतिथियों द्वारा उक्त काव्य संग्रह की महत्ता और उपयोगिता को बताकर अपने-अपने विचार रखते हुए सभी साहित्यकारों एवम् आयोजक समिति को बधाई और शुभकामनाएं दी गई। अतिथियों के संबोधन का मुख्य सार बिंदु यही था कि मध्य भारत का फेफ्ड़ा-हसदेव वैश्विक काव्य संग्रह न सिर्फ सरकारी तंत्र को नींद से जगाने में सफल होगी, अपितु यह प्राणवायु देने वाली हसदेव अरण्य को नष्ट होने से बचाकर, वहाँ के निवासियों जो कि जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501095200030**

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2024-2025

देवकट्टा (प ह न. 00018),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- द्वारिका प्रसाद मरकाम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक द्वारिका प्रसाद मरकाम पिता श्री रामाधार मरकाम जाति नगारची निवासी स्ट्रीट 25 सेक्टर 5 वार्ड नम्बर 05 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम देवकट्टा प.ह.न. 18 रा.नि.म. बेलगाँव तहसील डोंगरगढ़ स्थित स्थित खाता क्रमांक 262 में ख.न. 219 रकबा 0.809हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.809 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में द्वारिका प्रसाद पिता रामाधार, ना.बा. राजकुमार पिता रामाधार, पा.मा. कुंती बेवा पति रामाधार, ना.बा. मोतीलाल पिता रामाधार सभी जाति कंवर सा. देवकट्टा के नाम पर दर्ज है। सभी जाति कंवर दर्ज हो गया है जबकि वास्तविक व सही जाति नगारची है जो कि आवेदक के पंजीकृत जाति प्रमाण पत्र में भी दर्ज है। उक्त भूमि के ऑनलाइन में आवेदक की जाति त्रुटिपूर्ण दर्ज होने के कारण कृषि कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतः आवेदक द्वारा त्रुटि पूर्ण जाति कंवर को सुधार कर वास्तविक व सही जाति नगारची दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.01.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर | नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501095200025**

विषय:- अ-74
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2024-2025

देवकट्टा (प ह न. 00018),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- द्वारिका प्रसाद मरकाम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारिका प्रसाद मरकाम पिता श्री रामाधार मरकाम जाति नगारची निवासी स्ट्रीट 25 सेक्टर 05 वार्ड नम्बर 05 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि कृषक ग्राम देवकट्टा प.ह.न. 18 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 262 में ख.न. 219 रकबा 0.809 हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.809 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में द्वारिका प्रसाद पिता रामाधार, ना.बा. राजकुमार पिता रामाधार, पा मा. कुंती बेवा पति रामाधार, ना.बा. मोतीलाल पिता रामाधार सभी जाति कंवर सा. देवकट्टा के नाम पर दर्ज है। आवेदक की उक्त वाद भूमि का किसान किताब (ऋण पुस्तिका) दिनांक 01.12.2024 को स्थान डोंगरगढ़ में कही गुम हो गई है, एवं आवेदक द्वारा खोज बीन करने के पश्चात् भी प्राप्त नहीं हो पायी है। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस। थाना डोंगरगढ़ में दर्ज। किया गया है। अतः उक्त भूमि आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.01.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर | नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202409140100078/
अ-21(2)/सन 2023 24.
ग्राम- चारामा प.ह.नं 06

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका केशमणि उर्फ केशमनी पति स्व. मोहनलाल जाति खत्री निवासी वार्ड नम्बर 06 चारामा तहसील चारामा की ओर से अधिवक्ता चंचल साहू के द्वारा छ.ग.भू.-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत भूमि स्वामी हक की व्यवसायिक प्रयोजन परिवर्तित भूमि ग्राम चारामा पटवारी हल्का नंबर 06 तहसील चारामा में स्थित भूमि खसरा नंबर 254/1 रकबा 0.13 हेक्टेयर में से रकबा 0.04 हेक्टेयर है को स्वयं के ईलाज के लिये रूपयों की आवश्यकता होने पर 4670000.00 छ्यांलिस लाख सत्तर हजार रूपये में अनावेदक क्रेतागण अनामिका सिनहा पति राजीव जायसवाल जाति कलार निवासी सेक्टर 01 देवेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर एवं राजीव जायसवाल पिता स्व. रामनारायण जायसवाल जाति कलार निवासी मांझापारा कांकेर तहसील कांकेर जिला उ.ब. कांकेर के पास विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आवेदन प्रस्तुत करने पर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा के माध्यम से प्राप्त हुआ।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 31.01.2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार चारामा

## एक नजर

### 15 साल के बच्चे ने की चाकू मारकर हत्या

**रायपुर, 21 जनवरी।** राजधानी में हत्या का एक और मामला सामने आया है। यहां दो नाबालिग लड़कों के बीच हुए विवाद में एक नाबालिग की मौत हो गई है। मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर अंतर्गत दो पूर्व के दोस्तों के बीच पिछले 1 सप्ताह से बाल कटिंग स्टाइल को लेकर एक दूसरे पर कमेंट करते थे, देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आज मंगलवार को स्कूल जाते समय 17 साल के नाबालिग छात्र ने अपने 15 साल के नाबालिग दोस्त को लोहे के नुकीले रोड से उसकी छाती पर हमला कर दिया, जिससे वह पूरी तरह घायल हो गया, जैसे इलाज के लिए मेकाहारा लाया गया, जहां इलाज के दौरान लड़के ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी नाबालिग बालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### भाजपा ने बनाई 23 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति

**रायपुर, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने 23 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति बनाई है. इस समिति के संयोजक पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, सह संयोजक विधायक सुनील सोनी को बनाए गए हैं. वहीं भाजपा ने नैरेटीव एवं कंटेंट टीम का भी गठन किया है, जिसके संयोजक पंकज झा को बनाए गए हैं.

### दो दिन बंद रहेंगी चिकन-मटन की दुकानें

**रायपुर, 21 जनवरी।** सम्पूर्ण रायपुर नगर पालिक निगम परिक्षेत्र में गणतंत्र दिवस दिनांक 26 जनवरी 2025 और महात्मा गाँधी निर्वाण दिवस दिनांक 30 जनवरी 2025 को मांस-मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से गणतंत्र दिवस दिनांक 26 जनवरी 2025 और महात्मा गाँधी निर्वाण दिवस दिनांक 30 जनवरी 2025 को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस ङ्क मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। गणतंत्र दिवस दिनांक 26 जनवरी 2025 और महात्मा गाँधी निर्वाण दिवस दिनांक 30 जनवरी 2025 को किसी भी दुकान में मांस-मटन विक्रय करते पाये जाने पर मांस- मटन जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी।

### बिना अनुमति के अधिकारी-कर्मचारी नहीं ले सकेंगे अवकाश

**रायपुर, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के द्वारा 20 जनवरी 2025 को नगरीय निकाय, त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिये कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है, जो निर्वाचन समाप्ति तक लागू रहेगी। नगरीय निकाय त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की कार्यवाही सम्पन्न होते तक सभी शासकीय/अर्द्धशाकीय/ केन्द्रीय कार्यालयों एवं भारत सरकार के उपक्रमों के अधिकारियो एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश को प्रतिबंधित किया जाता है। स्थानीय निर्वाचन के दौरान जिले में पदस्थ कोई भी अधिकारी-कर्मचारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायपुर उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नही करेगें। कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति के अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय परित्याग करने पर संबंधित जिला प्रमुख/नियंत्रण अधिकारी जिम्मेदार होगें।

### शासकीय विश्रामगृहों में राजनैतिक दलों के सदस्य नहीं ठहर पायेंगे

**रायपुर, 21 जनवरी।** नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 के लिए कार्यक्रम जारी होने के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता लागू रहने की अवधि में किसी भी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारियों आदि को शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विश्रामगृहों, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस में चुनाव प्रचार-प्रसार या राजनैतिक उद्देश्य से नहीं ठहराया जायेगा। ऐसे राजनैतिक व्यक्ति इन स्थानों का उपयोग राजनैतिक गतिविधियों के लिए भी नहीं कर सकेंगे।

# नगरीय निकाय चुनाव, नामांकन 22 से

## निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने आयोग ने दिए अधिकारियों को टिप्स

**■ कलेक्टोरेट में नामांकन के लिए विशेष व्यवस्था**

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 21 जनवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव एवं उच्च अधिकारियों ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक ली। 22 जनवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। रायपुर जिलाधीश कार्यालय में सभी 70 वार्डों के अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र भरने के लिए अलग-अलग आरओ बनाए जाएंगे। नगर निगम को भी मतदान केंद्रों में सफाई, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जिम्मा दिया जाएगा।

राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने की घोषणा कर दी गई है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था सहित कागज, ईवीएम मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं प्रशिक्षण के संबंध में आज सचिव एवं उपसचिव ने आज संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली है। राज्य में नगरीय निकाय के चुनाव कराने के लिए



22 से नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके पश्चात राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक दलों के द्वारा इस संबंध में बैठक ली जा रही है।

**कांग्रेस में बैठकों का दौर जारी :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता के अनुसार विधायकों की बैठक के पश्चात आज भी पार्षदों, महापौरों तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की रणनीति बनाने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें जमीनी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाने प्रयास करें। भाजपा के महामंत्री रामू रोहरा के अनुसार संगठन मंत्री जामवाल ने बैठक ली। बैठक में पार्टी प्रत्याशियों को जीताने की अपील की गई है। राजधानी के विभिन्न वार्डों में सभी

### नगर निगम संपत्ति विरूपण के तहत कर रहा कार्रवाई

आचार संहिता लागू होने के बाद नगर निगम संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत राजनीतिक दलों के पोस्टर-बैनर को हटा रहा है। अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल के अनुसार मतदान केंद्रों में पेयजल, सफाई की भी व्यवस्था का दायित्व नगर निगम को सौंपा गया है। जिलाधीश कार्यालय के आसपास सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी की जा रही है। सिर्फ अभ्यर्थियों एवं प्रस्तावकों को ही आओ कार्यालय तक भेजा जाएगा। स्थानीय निर्वाचन अधिकारी बांधे चुनाव की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। आज आयोग में सभी जिलों के कलेक्टरों एवं संबंधित विभागों को नगरीय निकाय चुनाव कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

संभावित दावेदारों ने अपने-अपने पोस्टर बैनर लगा लिए हैं। अभी तक किसी भी पार्टी ने अधिकृत रूप से टिकिट जारी नहीं हुई है। समझा जाता है कि पार्टी के अंदर विद्रोह एवं असंतोष को दबाने के लिए नामांकन पत्र भरने के अंतिम दिन ही सूची जारी की जाएगी।

# रायपुर जिले के निकायों में बनाए गए 1290 मतदान केंद्र



**रायपुर, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह ने आज प्रेस कांफ्रेंस की. उन्होंने चुनावी तैयारियो को लेकर जानकारी साझा करते हुए कहा कि 'जागो' कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदान का प्रयास रहेगा. उन्होंने बताया कि रायपुर से लगे बिरगांव को छोड़कर पूरे रायपुर जिले में 20 जनवरी से आचार संहिता लागू है. बता दें प्रदेश में 11 फरवरी को नगरीय चुनाव होंगे और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरण में 17,20 और 23 फरवरी को होंगे.

रायपुर जिले में नगरीय निकायों में कुल 1290 मतदान केंद्र होंगे. रायपुर नगर निगम के 70 वार्डो में 1095 मतदान केंद्र होंगे. जबकि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 1378 मतदान केंद्र होंगे. इसके साथ ही नगरीय निकाय में 69 और त्रिस्तरीय पंचायत के लिए 4 सहायक मतदान केंद्र होंगे. नगरीय निकाय को 107 और त्रिस्तरीय पंचायत को 97 सेक्टरों में बाटा गया है. वहीं मतदाता संख्या की बात करें तो रायपुर नगर निगम में कुल 10 लाख 36 हजार 79 मतदाता वोट डालेंगे. नगरीय निकाय चुनाव में 11 रिटर्निंग ऑफिसर होंगे. वहीं पंचायत में 5 रिटर्निंग और 74 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं.

उन्होंने आगे बताया कि मतदान के केंद्रों की सूची का प्रकाशन 27 जनवरी तक होगा. चुनाव चिन्ह का प्रकाशन 6 फरवरी तक होगा. कैंडिडेट डिक्लेअर होने के बाद मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता का परीक्षण किया जाएगा. चुनाव से संबंधित समस्याओं के लिए शिकायत सेल का भी गठन किया गया।

# कमल विहार में चौक का नाम आईसीएआई रखने की मांग

**रायपुर, 21 जनवरी।** चार्टर्ड अकाउंटेंट समुदाय की सक्रिय सदस्य आयुषी गर्ग ने राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, मंत्री ओ.पी. चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा को पत्र लिखकर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के हितों को ध्यान में रखते हुए उनकी मांगों को पूरा किया जाए।

आयुषी ने मांग हैं कि नया रायपुर के सेक्टर 11, कमल विहार में बन रहे देश के दूसरे सबसे बड़े आईसीएआई भवन के पास एक प्रमुख चौक का नाम आईसीएआई चौक रखने का प्रस्ताव रखा क्योंकि यह कदम चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के योगदान को सम्मान देने और क्षेत्र को पेशेवर केंद्र के रूप में पहचान दिलाने की दिशा में अहम साबित होगा। सहकारी समितियों के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के पैनल गठन में 2021 के बाद से देरी हो रही है। आयुषी



गर्ग ने वित्तीय पारदर्शिता और संचालन में कुशलता बनाए रखने के लिए नियमित और समय पर पैनल गठन की मांग की है। उन्होंने राज्य सरकारों से निवेदन किया है कि पैनल प्रक्रिया के लिए एक तय समय सीमा लागू की जाए, जिससे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को निष्पक्ष अवसर मिल सकें। नए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को निविदा प्रक्रिया में शामिल करने के लिए इसे सरल और समावेशी बनाने का सुझाव दिया गया है, ताकि युवा पेशेवरों को उनके करियर की शुरुआत में ही उचित अवसर मिल सकें। आयुषी गर्ग ने राज्यपाल और मंत्रिमंडल के सदस्यों से इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई कर छत्तीसगढ़ में वित्तीय पारदर्शिता और पेशेवर समुदाय के विकास को सुनिश्चित करने की अपील की है।

# जनहित में कार्य कर रही है साय सरकार : सवन्नी

**रायपुर, 21 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सिंह सवन्नी और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी सौरभ सिंह ने कहा है कि आगामी निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा के प्रति वही जन-विश्वास और अगाध समर्थन व्यक्त होने जा रहा है, जो पिछले विधानसभा, लोकसभा चुनावों और रायपुर दक्षिण उपचुनाव में व्यक्त हुआ है। सवन्नी और सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों को लेकर पार्टी कार्यकर्ता जन-जन तक जाएंगे और पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम लहराएंगे।

भाजपा निकाय चुनाव प्रभारी सवन्नी और पंचायत चुनाव प्रभारी सिंह ने कहा कि पिछले एक वर्ष में मोदी की गारंटी पूरी करते हुए प्रदेश




में भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले गरीबों को आवास देने के पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। इसके साथ ही अपना वादा निभाते हुए बकाया 2 साल का धान का बोनस दिया। आज छत्तीसगढ़ का किसान खाने के लिए नहीं, खजाने के लिए खेती कर रहा है। भाजपा सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31सौ रुपए प्रति क्विंटल के भाव से धान खरीदी कर रही है और इस वर्ष फरवरी के पहले पखवाड़े के भीतर सभी किसानों को उनकी उपज के भुगतान की अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान हो जाएगा। यह निर्णय साय सरकार की कैबिनेट में लिया गया है। भाजपा नेताद्वय ने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए एक ओर जहाँ महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपए महिलाओं के खाते में सीधे जमा के जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर रेडी टू ईट योजना वापस महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय भाजपा सरकार ने लिया है। आदिवासी क्षेत्रों में 5500सौ रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता की खरीदी हो रही है और आदिवासी भाइयों की तकलीफ को देखते हुए चरण पादुका का वितरण भी हो रहा है। जनता के हित के काम विष्णुदेव साय सरकार में साँय-साँय हो रहे हैं।

**रिहर्सल**



रायपुर, 21 जनवरी। गणतंत्र दिवस परेड के लिए पुलिस ग्राउंड में पुलिस जवान अभ्यास कर रहे हैं।

### बेटे की शादी में सांसद अग्रवाल पत्नी के साथ जमकर नाचे

**रायपुर, 21 जनवरी।** रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के छोटे बेटे आदित्य अग्रवाल की आज शादी है. शादी से पहले आयोजित संगीत कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन



अग्रवाल अपनी पत्नी सरिता के साथ झूमकर नाचे. इस पूरे वाकये का वीडियो वायरल हो रहा है. बृजमोहन अग्रवाल अपने जीवंत सम्पर्कों के लिए पूरे देश में जाने जाते हैं. इस वजह से दिल्ली से लेकर भोपाल और छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से लगभग सभी पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को न्यौता भेजा गया है. शादी के लिए नेताओं के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है. इस कड़ी में पहले मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री प्रह्लाद पटेल शनिवार को रायपुर पहुँच चुके हैं.

### काले कम्बल वाले तथाकथित बाबा के स्वास्थ्य शिविरों पर लगे रोक : मिश्र

**रायपुर, 21 जनवरी।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कम्बल वाले बाबा के तथाकथित शिविरों पर रोज लगाने की मांग जिला कलेक्टर को पत्र लिख कर की की है. डॉ मिश्र ने कहा पिछले कुछ समय से



अहमदाबाद (गुजरात) के पास के एक व्यक्ति गणेश यादव जो कि स्वयं को कम्बल वाले बाबा के नाम से प्रचारित करता है तथा अपने कम्बल को मरीजों को ढाँकने से, झाड़-फूँक करने से, मनुष्यों की बीमारियों को ठीक करने की बात प्रचारित करता है तथा वह अनेक स्थानों पर ऐसे शिविरों का आयोजन करता है, इस प्रकार के शिविर संदेहास्पद हैं। चिकित्सा विज्ञान इस प्रकार के दावों को सत्य नहीं मानता तथा विज्ञान के अनुसार भी किसी भी बीमारी का उपचार इस प्रकार कम्बल ओढ़ाने, विचित्र प्रकार से झाड़फूँक करने, हाथ-पैर मोडने, पटकने, धक्का देने से संभव नहीं है और न ही इस प्रणाली को चिकित्सा विज्ञान ने मान्यता दी है। इस प्रकार के उपचारों से अशिक्षित और ग्रामीण अँचल के ऐसे लोग जो स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं, अपने उपचार के लिए चले जाते हैं जो स्वास्थ्य एवं मानसिक रूप से ठगे जाते हैं। और वैसे भी ठंड के मौसम में प्रकार पीड़ितों का मजमा लगा कर उपचार करने की बात अनैतिक व हास्यास्पद भी है.

इंडियन ड्रग एंड मेजिक रेमेडी एक्ट 1954 के तहत ऐसी 54 बीमारियों जिसमें डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, विकलांगता शामिल हैं, का इस प्रकार तथाकथित झाड़फूँक से उपचार करना तथा उसका प्रचार करना कानूनी अपराध है।

**निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कांग्रेस ने एक साथ काउंटिंग कराने की मांग की**

# सरकार पर नगरीय निकाय चुनाव को प्रभावित करने का आरोप

**रायपुर,21 जनवरी।** नगरीय निकाय चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद अब राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने जीत के दांवे कर रही है. इसको लेकर कांग्रेस बस्तर में कल बड़ी बैठक आयोजित कर रही है. जिसपर चुनाव को लेकर रणनीति बनेगी. कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा की. इस दौरान पीसीसी चीफ बैज ने भाजपा सरकार पर नगरीय निकाय चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाया है. इसको लेकर बैज ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने एक साथ काउंटिंग कराए जाने की मांग की है.

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी तरह आश्वस्त है. चार चरणों में चुनाव संपन्न हो रहे हैं, जिसमें 15 फरवरी को नगरीय निकाय और तीन अलग-अलग दिनों में पंचायत के परिणाम घोषित किए जाएंगे।

एक दिन आचार संहिता लगाई जा रही है और नामांकन की प्रक्रिया भी एक ही तारीख को हो रही है, लेकिन परिणाम चार चरणों में घोषित कर बीजेपी चुनाव को प्रभावित करना चाहती है. कांग्रेस ने इस संदर्भ में निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर 24 फरवरी को सभी परिणाम एक साथ घोषित करने की मांग की है. पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि युवाओं के साथ



रोजगार के नाम पर छल किया गया है. क्कद्गस्र सहायक शिक्षकों की पहले नौकरी छीनी और फिर बर्बरता पूर्वक व्यवहार किया गया. पूरे प्रदेश में ह्लक्ष्ट वर्ग को चुनाव लड़ने से वंचित किया. 500 रुपए का सिलेंडर देने का वादा करने वाली भाजपा ने आज तक 500 रुपए में सिलेंडर नहीं दिया. जमीन रजिस्ट्री में 30त्न गाइडलाइन छूट को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है. अब बीजेपी सरकार 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री बंद करने जा रही है. सरकार ने आते ही बिजली बिल महंगे कर दिए. अबतक सीमेंट की कीमतें पांच बार बढ़ चुकी है. कांग्रेस के कार्यकाल में दी जाने वाली बेरोजगारी भत्ता, कोदो-कुटकी खरीदी को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है।

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने सरकार पर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर हमला बोला है. प्रदेश अध्यक्ष बैज ने कहा कि कानून व्यवस्था सबसे बड़ा मुद्दा है. आउट ऑफ स्टेट के गैंगस्टर ने पैर पसार चुकी है. प्रदेश में लूट, हत्या, चोरी, बलात्कार चरम पर है. महिलायें सुरक्षित नहीं है, सरकार अपराध रोकने में सरकार विफल हो चुकी है. छत्तीसगढ़ में अपराधियों का राज चल रहा है. जंगल राज चल रहा. इन सभी मुद्दों के साथ कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में चुनाव लड़ेगी. बस्तर में कल कांग्रेस की बड़ी बैठक होने जा रही है. इस दौरान नगरीय निकाय और पंचायता चुनाव को लेकर बड़ी संभाग स्तरीय बैठक होगी. जिसमें बैठक में बस्तर संभाग के सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे. निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर बड़े फैसले लिए जाएंगे।

# सिनेमाघर होंगे ज्यादा, तभी आगे बढ़ेगा छत्तीसगढ़ी सिनेमा



**रायपुर, 21 जनवरी।** छत्तीसगढ़ी सिनेमा की चर्चा अब मुंबई में होने लगी है। जब कोई छत्तीसगढ़ी फिल्म हिट होती है तो इसका असर बॉलीवुड फिल्मों पर भी पड़ता है। क्योंकि हमारे यहां भी कंटेंटवाइस बेहतर फिल्में बनने लगी हैं। कोई आश्चर्य की बात नहीं, जब छत्तीसगढ़ी सिनेमा में कॉर्पोरेट भी रुचि दिखाने लगेंगे. यह कहना है छत्तीसगढ़ फिल्मों के जाने-माने डायरेक्टर प्रणव झा का, जिनकी मेगा स्टार और मेगा बजट फिल्म 'टीना टप्पर' 24 जनवरी को सिनेमा घरों में रिलीज हो रही है.

सोमवार को प्रेस क्लब के रूबरू कार्यक्रम में डायरेक्टर प्रणव झा के साथ छत्तीसगढ़ी फिल्मों के स्टार अमलेश नागेश, अभिनेत्री एल्सा घोष निर्माता रोशन विरवानी, अजय सिंह और फिल्म वितरक राकेश मिश्रा शामिल हुए. सभी का मानना था कि रीजनल सिनेमा की सबसे बड़ी समस्या पर्याप्त सिनेमाघर की कमी है। सरकार इस दिशा में पहल करे तो ग्रामीण क्षेत्रों में सिंगल स्क्रीन सिनेमा की संख्या बढ़ेंगी और ज्यादा से ज्यादा लोग छत्तीसगढ़ी फिल्मों को देख पाएंगे। अभिनेता अमलेश नागेश ने कहा कि फिल्मों से ज्यादा मुझे यूट्यूब के लिए वीडियो बनाना अच्छा लगता है। मुझे शुरू से छत्तीसगढ़ी कंटेंट लिखना और उस पर वीडियो बनाना अच्छा लगता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26